"The Speaker alone is vested with the power to give his consent to the moving of a motion for suspension of a rule no reference to the Rules Committee is necessary in the matter, and it is for the House to decide whether a particular rule should be suspended or not. Consent given by Speaker for moving a motion for suspension for rules connot be questioned."

So this is a pertinent thing रूल 104 को सस्पैन्ड करने के लिये इन्होनें मो ान दी है। रूल 121 की अथोरिटी के नीचे कोई भी रूल सस्पैन्ड करने की मो ान आ सकती है। (ाोर एवं व्यवधान) उन्होंने उसी के तहत मो ान मूव की है।

बाबू जी ने बडा परटिनेन्ट प्वायंट रेज किया था। अगर कोई मो ान हाउस के सामने आता है तो आमतौर पर उसके उपर इमीजिएट डिस्क ान और वोटिंग नहीं होती, उसके लिये समय होता है लेकिन अगरकोइ हैपनिंग या इन्सीडेन्टस इन दी फूल व्यू आफ दि हाउस, सारे हाउस के सामने हो तो उस पर उसी वक्त डिस्क ान और वोंटिग हो सकती है।

Chaudhri Khurshied Ahmed: I moved the motion for the suspension of Rule 104 in its application to the

suspension of Chaudhri Ganga Ram with the permission of the Speaker.

चौधरी उदय सिंह दलाल (बादली): स्पीकर साहबख जब तरारेबाजी भाुरू हो जाती है। तो कोई चार आनें, कोई छः आने और कोई आठ आने गलती कर देता है। स्पीकर साहब, मेरी रिक्वैस्ट है कि अगर किसी मामले पर गांव में कोई झगड़ा हो जाये तो फैसला करने वाला बात को लटका देता है ताकि गर्मागर्मी खत्म की जाये। इसलिये मैं आपसे अपील करूंगा कि वह बाहर चला गया। हाउस में भाान्ति आ गई है आरैर अब इस मामले को लटका दिया जाये। आप अपने फैसले को सोचने के लिये रख लें। यह तो स्पीकर साहब की पावर है, स्पीकर अपने फैसले को लटका दें।

श्री अध्यक्षः अपील तो आप मेरे से कर रहे है। जिस मेंबर ने मो ान मूव किया है उससे रिक्वैस्ट कर लें। (ाोर एवं व्यवधान)

चौधरी उदय सिंह दलालः चौधरी गंगा राम जी के जाने के बाद भाान्ति आ गई है। स्पीकर साहब, मैं आपसे यही रिक्वैस्ट कर रहा हूं कि कितने ही मसले ऐसे होते है जिन को हल करने के लिये आप सरकार की तरफ देखते है और जब आपका दिमाग उलझा जाता है तो उस वक्त आप कह देते है कि ममला दफतर में एग्जामिन होने लगा हुआ है यानि एग्जामिन हो रहा है। इस मामले

को भी एग्जामिन में रख लें। उनको बचाने के लिये आप एग्जामिन कर लीजिये। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः यह अपील आप उनसे कर सकते है जिन्होने मो ान मूव की है। (ाोर)

चौधरी उदय सिंह दलालः खुर ाीद साहब हमारे दोस्त है और पुराने दोस्त है, पढे लिखे है। वे हाली पाली वाली बात क्यों करेगें। जरूर मान जायेगें। इस तरह से करनाकोई अच्छी बात नहीं है। यह प्रथा गलत पड़ जायेगी। स्पीकर साहब आप अपनी पावर का इस्तेमाल करें।

चौधरी खुर ाीद अहमदः जनाब आपके नोटिस में यह बात आ गई दलाल साहब, जो हमारे साथी है, हम उनकी बहुत इज्जत करते है। उन्होनें खुद इस बात को माना है कि उसकी गलती है। किसी ने छः आने, किसी ने आठ आने और आज उन्होने सवा सोलह आने गलती कर दी। भाान्ति तब हुई जब उनके अलफाजात के अनुसार वे हाउस से निकल गये। ऐसे आदमी को जो रोजाना हाउस को मजबूर करे, जिसे बार–2 नेम किया जाये और स्पीकर साहब के नेम करने के बावजूद भी बाहर न जाये और अगर जाये तो गालियां देता हुआ, गलत बातें जबान से कहता हुआ बाहर जाये तो उसको सस्पैन्ड न किया जाये तो और कया किया जाये? This is unbecoming of the member of this august House. स्पीकर साहब, सच्चाई हर हालत मे मुहं से निकल

जाती है। इबाने से नहीं दबती। उसके जाने के बाद भाान्ति पैदा हुई है। अगर वह रहता है तो भाान्ति हाउस में नही रहती, डैकोरेन नहीं रता। वह चेयर की रूलिंग को डिफायी करता है, हाउस से बाहर जाते हुये गालियां देता हुआ जाता है और मिसबिहेव करता हैं इसलिये मजबूर हो कर हमने उसके खिलाफ रूल 121 के तहत रूल 104 को सस्पैन्ड करने की अनुमति मांगी है। मैं समझता हूं कि हाउस की फीलिंग मेरे साथ है। यह मो ान हाउस के सामने पुट किया जाये और इस मैंबर को हाउस से सस्पैनड किया जाये।

जेल तथा डेरी विकास मंत्री (चौधरी ि ाव राम वर्मा): स्पीकर साहब, बाबू मूल चन्द जी बोलते हुये कह रहे थे कि वे लीडर आफ दी अपोजी ान है। उनहोने यह भी कहा कि उनके छः मेंम्बर्ज रैली में गये है और कुछ यहां बैठे है। अगर ये उनके लीडर है तो क्या वे इनसे पूछ कर गये है या वैसे ही रैली में चले गये? (चोधरी संत कवंर की और से विघन)

श्री अध्यक्षः This has got no relevancy to the motion. जो अपील दलाल साहब ने की है, वह बहुत अच्छी अपील है। इन्होनें कोई गलती नहीं की है। अगर सब के सब मिल कर अपील करते तो बात ठीक हो जाती। संत कंवर जो, नाराज होने की कोई बात नहीं है। (विघन)

श्री हीरानन्द आर्य (लोहारू): अध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि जो प्रस्ताव मंत्री महोदय ने पे ा किया है उस में रूल 104 के तहत सस्पैं ान का मो ान आता है। अगर कोई ऐसी बसी बात होती तब तो कोई बात होती। अध्यक्ष महोदय, रूल 104 के बारे में आपने खुद ऐक ान लिया और उनको नेम भी कियाऔर उसका सजा दी। लजेनिक मेरी समझ में नही आताकि इनको दोबारासस्पैंड करने की क्या आव यकता थी? इसलिये मैं आपसे दरखास्त करता हूं कि .....(ाोर)

श्री अध्यक्ष: मैं किसी भी मैंबर को अधिकार प्रयोग करने से कैसे रोक सकता हूं।(ाोर)

श्री हीरानन्द आर्य: अध्यक्ष महोदय, यह अधिकार कासवाल नहीं है।

श्री अध्यक्ष: इस पर मै अपनी रूलिंग दे चुका हूं और इस पर डिस्क ान भी बहुत हो चुका है। (ाोर) Please sit down.

Mr. Speaker: Question is-

That Rule 104 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Haryana Legislative Assembly be suspended in its application to the motion regarding the suspension of Shri Ganga Ram.

The motion was carried.

वाक आउट

चौधरी संत कवंरः हम एज ए प्रोटैस्ट आक आउट करते है।

(इस समय लोक दल तथा भारतीय जनता पार्टी के सभी सदस्य सदन से वाक आउट कर गये।)

चौधरी गंगा राम एम0एल0ए0 का निलम्बन

Finance Minister (Chaudhri Khurshid Ahmed): Sir, I beg to move-

That Shri Ganga Ram be suspended from theservice of the House for the remainder of the session for his misconduct, most irresponsible behaviour, unbecoming of a Member of this august House and his grossly disorderly conduct in the House.

Mr. Speaker: Motion moved-

That Shri Ganga Ram be suspended from theservice of the House for the remainder of the session for his misconduct, most irresponsible behaviour, unbecoming of a Member of this august House and his grossly disorderly conduct in the House.

Shri Baldev Tayal(Hansi): Mr. Speaker, Sir, I most humbly submit before this august House and before you honour that the p[riniciples of justice require that any person who is either accused or is being prosecuted or is being charged or is being or brought forward.....(Interruptions)

ि ाक्षा राज्य मंत्री (श्रीमती भाांति देवी): तायल साहब आप हिन्दी में बोलें तो अच्छा रहेगा।

श्री बलदेव तायलः अभी मंत्री महोदय ने हिन्दी में बोलने के लिये फरमायाहै इसलिये मैं उनके आदे ा का पालन करूंगा। स्पीकर साहब, मैं यह कह रहाथा कि इन्साफ का यह तकाजा है कि जब भी किसी व्यक्ति के खिलाफ कोई कार्यवाही की जाये तो उस व्यक्ति को अपनी बात कहने का अवसर जरूर मिलना चाहिये ताकि वह कह सके कि मैने यह काम किया या नहीं किया है। अध्यक्ष महोदय, आपने श्री गंगा राम को नेम कर दिया और मा र्ाल ने उसको निकाल दिया। उसके बाद श्री गंगा राम दुबारा हाउस में नहीं आये ।उन के खिलाफ यानि मैंबर के हाउस में मौजूद न होने पर सस्पैं ान का मो ान लाया जा रहा है। क्या किसी मैंबर की गैर हाजिरी में यह मो ान लाया जा सकता है या नहीं?

दूसरी बात यह है कि जो सदस्य सदन में नहीं है उसको अपनी बात कहने का मोका नहीं मिलता कि वह अपनी बात सदन के सम्मुख कह सके या आपके सम्मूख रख पाये। मैं केवल इतना ही कहने के लिये खडा हुआ हूं कि पहले अभियुक्त को सुना जाये। उसको सुनने के बाद आप और सदन, जो चाहे फैसला देसकते है। (ाोर)

श्रीमती सुशमा स्वराज (अम्बाला छावनी): अध्यक्ष महोदय, रूल 104 को सस्पैंड करा के श्री गंगाराम को सै ान के बाकी समय से निलम्बित करने के लिये चौधरी खुर ाीद अहमद यहां मो ान ले करके आये है। अध्यक्ष महोदय, मैं केवल इतनी मात्र गुजारि ा करना चाहूंगी कि रूल 104 में आपको यह पावर्ज थी कि आप स्वयं उसको निश्कासित कर देते और कह देते कि वह न आये। (ाोर) यह रैपीटि ान नहीं है।

Chaudhri Khurshed Ahmed: This is repetition of the previous already made out in the House.

श्रीमती सुशमा स्वराजः आप मेरी बात को सुनिये तो सही, यह रैपीटि ान नहीं है। अध्यक्ष महेादय, आपने स्वयं उसका प्रयोग नहीं किया और यह कहा कि आप उस पावर को एक्सरसाईज नहीं करना चाहते थे, क्योकिं आप उसको यादों से ज्यादा अपरचूनिटी देना चाहते थे। मैं केवल मात्र यह गुजारि ा करना चाहुंगी कि जिस ताकत का आप स्वयं प्रयोग नहीं करना चाहते थे जो रूल के तहत दी गई थी, उसका प्रयोग अनाव यक रूप से इस रूल को सस्पैंड करनो के लिये रूलिंग पार्टी के लोग न करे। अगर आप यह समझते हे कि हाउस के डैकोरम को चलाने के लिये उनको बाहर निकालने की जरूरत थी तो आप स्वयं उस पावर को इस्तेमाल कर लेते और आप स्वयं उस रूल के तहत उनको सस्पैंड कर सकते थे। (ाोर) इसलिये मैं रूलिंग पार्टी के मैंबरों को बडे अदब के साथ यह गुजारि ा करना

चाहूंगी कि अगर आप अपनी पावर को एक्सरसाईज कराने को जरूरत न समझे ंतो इस गरिमामय सदन में थोडी सी गरिमा दिखायें और इस मो ान को वापस ले लें। रूल 104 को सस्पैंड कराके उसको बाकी समय के लिय निंलबित करनो का प्रस्ताव पारित न करवायें, यही मेरी आपसे गुजारि ा है।

श्री अध्यक्षः अब जैन साहिब बोलेंगे। बाबू जी आप पुरानी बातों की रिपीट न करे।

श्री मूलचन्द जैन (सम्भालखा): स्पीकर साहब, मैं पुरानी बातें नहीं कहूंगा। मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि जब उन पर यह एलीगे ान है कि उन्होनें हाउस में डिस–आर्डली कन्डक्ट यिकातो यह एक हाउस का कवै चन आफ प्रीविलेज बन जाता है और जब कभी भी कोई क्वै ाचन आफ प्रीविजन बन जाता है तो वह प्रीविलेज बन जाता है और जब कभी भी कोइ कवै चन आफ प्रीविलेज बन जाता है तो वह प्रीविलिज कमेटी के सुपर्द किया जाता है। किसी मैंबर के खिलाफ अगर कोई आरोप होता है तो प्रिविलेज कमेटी उस मैंबर को सुने बगैर कोई फैसला नहीं कर सकती। आप मैंबर को मौका दिये बिना सस्पैंड कर रहे है। इसके भी एक प्रकार से दों पार्ट बन जात`हैं एक तो यह हे कि उन्होनें डिस–आर्डली कन्डैक्ट किया है। किया हे या नहीं, वह तो हाउस के सामने है। दूसरा प्र न यह है कि उसकी सजा कितनी दी जाये? आया उसकी सस्पें ान एक दिन के लिये ही काफी है या रिमेन्डर आफ दी सै ान के लिये होनी चाहिये? मैं यह चाहता हूं

कि इन दोनो पार्टस पर मैंबर की सुनें बगैर हाउस यह फैसला करे तो हाउस को यह बिल्कुल भाोभा नहीं देता।

Mr. Speaker: It has already been brought by Shri Baldev Tayal, who dwelt upon it for about five minutes.

श्री मूलचन्द जैनः इसलिये मैं यह चाहताहूं कि उसे मौका दिये बगैर कोई फैसला नहीं होना चाहिये।

श्री अध्यक्षः अब स्वामी दो मिनट के लिये बोलेंगें लेकिन कोई बात रिपीट नहीं होनी चाहिये।

स्वामी अग्निवे ा (पूंडरी): अध्यक्ष महोदय, मैं यह बात कहना चाहता हूं कि रूल 104 को तब सस्पैंड किया जा सकता है जब रूल 104 का कोई प्रयोग न किया गया होता अगर ऐसा होता। तो रूल 121 के तहत रूल 104 को सस्पैंड करनो के लिये मो ान ला सकते थे लेकिन आप न स्वयं उस अधिकार का प्रयोग किया हैं रूल 104 का प्रयोग करके आपने उस मेंबर को सदन से जाने के लिये कहा है। जब आप एक चीज का प्रयोग कर चुके है। तो फिर दुबारा रूल 104 को सस्पैंन्ड कराने का कोई औचित्य नहीं रह जाता।

Mr. Speaker: As far as the question of Rule 104 is concerned, that rule has already been suspended by a substantive motion that was brought before the House. इस मामले को दोबारा रीओपन करना कि रूल 104 सस्पैंड होना चाहिये या नहीं होना चाहिये उसके लिये डिबेट था। वह तो

मो ान पास होने से पहले हो सकता था लेकिन वह मो ान तो आलरैडी पास हो चुका हैं अब इस पर कोइ डिबेट नहीं हो सकती है। (व्यवधान एवं भाोर)

श्री हीरानन्द आर्य: आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। मैं स्पीकर साहब, आपकी इस बारे में रूलिंग चाहूंगा कि क्या किसी सदस्य को किसी एक जुर्म के लिय दो बार सजा दी जा सकती है?

Mr.Speaker: This is a matter of common law of the country. Neither I consider myself sufficiently qualified nor sufficiently experienced to give judgement on this point.

वित्त मंत्री (चौधरी खुर ाीद अहमद): स्पीकर साहब, अपोजी ान के साथीयों ने एक बात दोहरायी। रूल 104 की सस्पैं ान के लिये मो ान हाउस के सामने आया और वह पास हो चूका है। बार–2 यह बात कही गयी कि जब स्पीकर साहब ने इस बात की जरूरत नहीं समझी कि रूल 104 के तहत अपनी पूरी पावर्ज का इस्तेमाल करे तो हमें क्या जरूरत है? रूल्ज आफ प्रोसीजर में मैंबर्ज को यह राईट इसीलिये दिया गया है ताकि हर काम के लिये चेयर को एमबौरेर न होना पड़े और एज ए मैंबर हमें यह हक दिया गया है कि अगर हम किसी चीज को महसूस करें कि यह गलत कही गयी है और कोई मेंबर इस काबिल नहीं है कि उसको हाउस बर्दास्त कर सके तो कोई भी मैंबर रूल 121 का इस्तेमाल स्पीकर साहब की इजाजत से कर सकता है और रूल

121 के तहत.....(श्रीमती सुशमा स्वराज की और से व्यवधान)देखिये भार्म की बात तो आप कहती है। जब आप कहती है तो भार्म तो मुझे आती है। जतो सारा वाक्या हुआ है, वह हाउस के सामने है इसके बारे में दूसरा एतराज यह उठाया गया है कि मैंबर को अपार्चुनिटी देना चाहिये।लीडर आफ दि अपोजी ान नेयह भी कहा कि यह कवै चन आफ प्रिवीलेज भी बनता है और इसको प्रीविलेज कमेटी के सामने रखा जाये ।इन दोनों बातों का जवाब मै यह देता हूं कि इस हाउस के सामने जो वाक्या हेा चुका है.....(ाोर एवं व्यवधान)

श्री मूलचन्द जैलः मैंने यह नही कहा कि प्रिवीलेज कमेटी को भेजा जाना चाहिये, मैने यह कहा है कि अगर प्रिवीलेज कमेटी में यह मामला जाता तो उसको सुने बगैर प्रिवीलेज कमेटी भी कोई फैसला नहीं कर सकती थी।

चौधरी खुर ाीद अहमदः आपकी इस बात का भी मैं जवाब देता हूं। प्रिविलेज कमेटी इस सदन की हो एक कमेटी होती है। जो आदमी इस सारे सदन के अन्दर और सबके फूल व्य में मिस–बिहेव और मिस–कंडक्ट करें, उस के मामले को किसी कमेटी में भेजने की जरूरत नहीं है। कब बुलाया उस मैंबर ने जो कुछ यिका वह हम सबने देखा है। इस बात के लिये किसी बाहर के आदमी को एवीडैंस नहीं लेनी है और न ही किसी को बुलाने की जरूरत है और न ही कोई आदमी हमारे सामने इस बात की गवाही देने के लिये आया है। जो जुर्म उस मैंबर ने हाउस के

फुल व्यू मे ंकियाहै वह हम सबने देखा है। इस में किसी और की एवीडैंस लेने की जरूरत नहीं है। इसलिये इसके बारे में उसे कोइ अपोचुर्निटी देने की जरूरत नहीं हे सब के फुल व्यू में यह जुर्म हुआ है। तथा हाउस इस बारे मे ंडिसीजन लेने में कम्पीटट हैं Therefore, I would submit that the motion be put to vote and passed.

Mr. Speaker: My view on the oint raised by Babu Mool Chand Ji is that if a question of privilege is brought before the House against any member then the presence of that member is essential. If it is a question of suspension then the rules are silent on the subject. I have studied two or three cases and on that basis my ruling is that this presence is not necessary. Now the motion before the House is about the suspension of Shri Ganga Ram, M.L.A., which I will put to the vote of the House.

Question is-

That Shri Ganga Ram be suspended from theservice of the House for the remainder of the session for his misconduct, most irresponsible behaviour, unbecoming of a Member of this august House and his grossly disorderly conduct in the House.

The Motion was carried.

वाक आउट

श्री बलदेव तायल: अध्यक्ष महोदय, मैं ट्रेजरी बैन्चिज के मैंबर्ज द्वारा ब्लूट मैजोरिटी का ुायद उइाने के प्रोटैस्ट में वाक–आउट करता हूं।

Chaudhri Khurshid Ahmed: I take strong objection to it Sir. These words should be expunged from the proceedings of the House.

Dr. Mangal Sein: Why is he shouting, Sir? (Interruptions). It is our valuable right to protest,Sir. (Interrutptions).

(At this stage all the members of the opposition staged a walk-out)

गैर सरकारी बिल

(क) प्रस्तुत करने की अनुमति (प्रस्ताव वापिस लेना)

(i) दि पंजाब प्रि–एम्प ान (हरियाणा रिपीलिंग) बिल, 1981

श्री अध्यक्ष: अब श्री हर स्वरूप बूरा हाउस से दि पंजाब प्रि–एम्प ान (हरियाणा रिपीलिंग) बिल, 1981 इन्ट्रोडयूस करने की इजाजत मांगेंगे।

चौधरी हर स्वरूप बूरा(मेहम): स्पीकर साहब, मुझे ऐसा मालूम हुआ कि गवर्नमेंट इसके प्रौस एण्ड कौज को देख रही है।

इस बात को देखते हुये कि सरकार इस बारे में एक कन्सौलिडेटिड बिल लायेगी, मैं अपना बिल विदड्रा करता हूं।

Mr. Speaker: The Bill has been withdrawn by the hon. Member.

(ii) दि पंजाब प्रि–एम्प ान (हरियाणा रिपीलिंग) बिल, 1981

श्री अध्यक्षः अब श्री मूल चनद जैन हाउस से दि पंजाब प्रि–एम्प ान (हरियाणा रिपीलिंग) बिल, 1981 को इंट्रोडयूस करने की इजाजत लेगें।

श्री मूलचन्द जैन (सम्भालखा): स्पीकर साहब, मैं आपकी इजाजत से यह बिल हाउस में इन्ट्रोडयूस करना चाहता हूं। पंजाब और हरियाणा में एक हक ूफे का कानून बना हुआ था। पंजाब ने तो उन कानून को 5–6 साल पहले वापिस ले लिया हैं रिपील कर दिया है, खत्म कर दिा है लेकिन हरियाणा में अभी यह कानून जारी है।

श्री अध्यक्षः बाबू जी, पहले आप हाउस से बिल इन्टरोडयूस करने की इजाजत मांगिये।

Shri Mool Chand Jain: Sir, I beg to move-

That leave be granted to introduce the Pujab Pre0emption (Haryana Repealing) Bill, 1981.

Mr. Speaker: Motion moved-

That leave be granted to introduce the Pujab Pre0emption (Haryana Repealing) Bill, 1981.

श्री मूलचन्द जैनः स्पीकर साहब, मैं हक ुफे के कानून के बारे में कह रहा था। यह असल कानून तो सन् 1913 मे बना था बल्कि इससे ीाी पहले का चला आ रहा ह। उसको बने हुये अब इस हिसाब से 70 साल के करीब हो गयेहैं जिस जमाने में यह कानून बना, उस जमाने के लेागों के रिवाजात में, लोगों के विचारों और रहन–सहन के ढंग में आज के जमान`के मुकाबले में काफी फर्क हो गया हैं उसके बाद सन् 1956 में हिन्दू विरासत कानून यानि हिन्दू सक्सै ान एक्ट बना जिसके कारण भी लडकियों या लेडीज को विरासत का अधिकार मिला। उसकी वजह से भी भुफे के कानून की जरूरत नहीं रही। भुफे का कानून वैसे हरियाणा में सभी मेंबर्ज जानते है, अगर कोई एक आदमी अपनी सम्पत्ति बेच दे, मकान या जमीन बेच दे तो उसका कोई रि तेदार या उसका कोई वारिस जिनको कानून के अन्तर्गत अधिकार दिा हुआ है, वह उस खरीददार पर अदालत की मार्फत खुद सबसटीच्यूट हो जाता है। जो कीमत अदालत मुकर्रर करे, उसको अदार करने के बाद, वह उस जायदाद का मालिक बन जाता है। इस कानून की आज के युग में मैं समझता हूं कि कोई जरूरत नहीं है और बेकार में लेाग मुकदमेबाजी में उलझते हैं आज जायदाद बेचने वाले हा ियारी करते है क्योंकि आये वर्श सम्पत्ति क कीमत बढ जाती है और एक वर्श भुफे की मियाद होती हैं बेचने वाले के उपर जब कोई हकदार होने का दावा

करता है तो 3–4–5 साल अदालत में लग जाते है, पहले फर्स्ट कोर्ट फिर सैकिण्ड कोर्ट । इतने में 4–5 वर्श में उस समपतित की कीमत ढयोढ़ी या दुगुनी हो जाती हैं परिणाम यह होता है कि वही बेचने वाला जिसने पहले जायदाद बेची थी डेढ़ गुणा कीमत लेना चाहता हैं। स्पीकर साहब जैसा कि मैने पहले भी कहा है कि पंजाब में यह एक्ट छः सात साल पहले खत्म हो गया है इसलिये मैने इसी कानून के खत्म होने के बारे में चीफ मिनिस्टर साहब को एक पत्र भी लिखा था और उसके बाद मैं उनसे मिला भी था क्येकि मैं समझता हूं कि हरियाणा के अन्दर बेकार की लिटीगे ान होती है। अलबत्ता इसमें मैने एक रिजर्वे ान रखी है और वह रिजर्वे ान यह है कि अगर कोई किरायेदार मकान पर या जमीन पर मुजारे की हैसियत से बैठा है और उस जायदाद को मुजारे के अलावा किसी और को बेच दिा गया है तो मुजारे का अधिकार रहना चाहिये क्योकि वह पहले से बैठा हुआ है। जहं तक भहरी सम्पत्ति का ताल्लुक है भाहर में यह कानून वैसे ही सीमित तौर पर लागू होता है क्योंकि वहां यह भी साबित करना पडता है कि भाुफा का रिवाज हैं चूंकि बहुत से भाहरों में आबादीबहुत बढ गई है। इसलिये उन नये इलाकों मे रिवाज साबित नहीं किया जा सकता । सिर्फ देहात के लोगें पर इसका असर पडता हैं। मुझे खु ाी है कि रूंलिग पार्टी के चौधरी हरस्वप बूरा ने भी इसी प्रकार का बिल हाउस में पे ा किया है।

आवाजें: उन्होनें वापिस ले लिया हैं।

श्री मूल चन्द जैनः वापिस ले लिया है तो मुझे पता नहीं स्पीकरसाहब, इस बिल में किसी पार्टी का सवाल नहींहै। यह पार्टी से बालातर चीज है। स्पीकर साहब, इससे मुकदमेंबाजी काफी खत्म होगी। स्पीकर साहब, अगस्त, 1980 में मैं चीफ मिनिसटर साहब को मिला था और जो बातें डिस्क ा हुई वे सारी बातें लैटर के रूप में मैने लिख दी थी। मैने उनसे बातचीत करके यह इमप्रै ान लिया कि चीफ मिनिस्टर साहब मेरी बात से सहमत है और यह खत्म हो जाना चाहिये लेकिन चूंकि सरकार की तरफ से कोई बिल नहीं आया तो मजबूर होकर मुझे यह बिल लाना पडा। अगर सरकार कोई अ योरैंस देती है कि हम इस प्रकार का बिल अगले सै ान में ले आएंगे तो मैं भी इसको विदड्रा कर सकता हूं।

चौधरी रिजक राम (राई): स्पीकरसाहब, बाबू मूल चन्द जी ने जो बिल रखा है उसके बहुत फारीचिंग कंसिक्वैनसिज हैं यह बात ठीक है कि इसको बहुत ज्यादा ऐक्सलाएट किया जा रहा है लेकिन हमें इसके दूसरे पहलुओं को भी नजरअन्दाज नहीं करना चाहिये। यह बात ठीक है कि हालात काफी बदल गये है लेकिन फिर भी इस एक्ट की काफी जरूरत हैं स्पीकर साहब , कितने ही जायदाद के मालिक भाराब की बीमारी में फंस जाते है। कितनी ही सादा महिलायें और उनके छोटे–छोट बच्चे बिल्कुल बेसहारा हो जाते हैं उनके रि तेदार और सम्बन्धी जेवर बेचकर और दूसरे तरीकों से उन बच्चों का गुजारा करते है और जायदाद

को बचाने के लिये हक ुफा करते है। इस तरह के कितने ही केसिज हमने देखे है। जिसमें अनजान और सादा मालिकान की सादगी का नाजायज फायदा उठाया जाता हैं सपीकर साहब, आज इस एक्ट का असर यह है कि इस की वजह से लोग जायदाद की कीमत जयादा लिखवाते है और जब रजिस्ट्रे ान होती है तो स्टाम्प डयूटी लगती है और सरकार का फायदा होता हैं अगर ह एक्ट न हो तो जायदाद की असती वैल्यू से भी कम कीमत लेाग लिखवायेगें और रजिस्ट्र ान में कम स्टाम्प डयूटी लगेगी जिससे कि सरकार का नुकसान होगा। स्पीकर साहब, बाबू मूल चन्द जी काफी समझदार और मान हुये वकील है। मैक्ं उनसे प्रार्थना करूंगा कि आज के हालात को देखते हुये वे इस बिल को वापिस ले लें।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, बाबू मूल चन्द जी ने मुझे एक चिट्ठी लिखी थी और बातचीत भी की थी। स्पीकरसाहब, यह बिल बहुत महत्वपपूर्ण है, इसमें कोई दो राय नहीं है। लेकिन कोई बिल जल्दबाजी में लायेगें तो कोई बात नहीं बनेगी। इसको गहराई से देखना पडेगा। कल हमने सीनियर आफिसर्ज की एक मीटिंग बुलाई थी और उनसे विचार विम र्ा किया था। स्पीकर साहब, मैं वादा तो नहीं कमरता कि अगले सै ान में सरकार इस बिल को हाउस में ले आयेगी लेकिन हम कोि ा ा करेगें कि अगले सै ान में इस बिल को ले आये।

श्री मूल चन्द जैनः स्पीकरसाहब, जो कुछ मुख्य मंत्री जी ने कहा हे उसको देखते हुये मैं अपना बिल वापिस लेता हूं।

Mr. Speaker: Has the hon. Member the permission of the House to withdraw his motion?

Voices: Yes.

The motion, by leave of the House, was withdrawn.

(ख) पहले से प्रस्तुत किया गया विधेयक (विधेयक वापिस लेना)–

दि पंजाब ग्राम पंचायत (हरियाणा अमैंडमेंट) बिल, 1980

स्वामी आदित्यवे ा (हथीन): अध्यक्ष महोदय, पिछले साल मैने पंजाब ग्राम पंचायत (हरियाणा सं ाोधन) बिल इंट्रोडयूस किया था। इस सम्बन्ध में हमारी पार्टी की मीटिंग हुई थी और माननीय मुख्य मंत्री जी ने चार सदस्यों ी एक समिति बना दी है ताकि इस बिल पर पूरी गहराई से विचार किया जा सके। उस समिति की रिपोर्ट आने के बाद सरकार आगामी सत्र में बिल ले आयेगी इसलिये उस चीज को दृश्टि में रखते हुये मैं इस बिल को वापिस लेता हूं तथा इसकी कंस्ड्रे ान की मो ान मूव नहीं करता।

Mr. Speaker: Has the hon. Member the permission of the House to withdraw his motion?

Voices: Yes.

Mr. Speaker: The Bill is now, by leave of the House, withdrawn.

वर्श 1981–82 के बजट की डिमान्डज फार ग्रांटस पर चर्चा तथा मतदान

श्री अध्यक्षः मैबर साहेबान, अब वर्श 1981–82 के बजट की डिमांडज फार ग्रांटस पर विचार होगा। पहली प्रैक्टिस के मुताबिक और हाउस क समय बचाने के लिये आर्डर पेपर रखी गई सभी डिमांडज फार ग्रांटस एक साथ पढी और पे ा की गई समझी जायेगी। आनरेबल मैंबर्ज किसी भी डिमांड पर डिस्क ान कर सकते है लेकिन बोलते समय कृपया डिमांड का नम्बर बता दें लिस पर वे बोलना चाहते है और साहेबान अढ़ाई बजे गिलोटिन एप्लाई यिका जायेगा और इस दौरान बीच में अगर मैंबर सहेबान लंच के लिये जाना चाहे तो जा सकते है। लंच डेढ़ बजे तैयार होगा।

दूसरी बात टाईम के बारे में हैं अगर हाउस सहमत हो तो दस मिनट पर बैल बज जायेगी और उकसे एक–दो मिनट बाद मैंबर साहब अपनी स्पीच वांइड अप कर देगें।

आवाजेंः ठीक हैं जी।

श्री हीरानन्द आर्यः स्पीकर साहब, टाईम बढा दे तो अच्छा रहेगा। काफी बोलने वाले बाकी है। इाप गिलोटिन का टाईम तीन बजें का रख लें।

श्री अध्यक्षः अभी अढ़ाई घंटे का टाईम बाकी ह। गिलोटिन अढ़ाई बजहे एप्लाई किया जायेगा।

That a sum not exceeding Rs. 210431000 for revenue expenditure and Rs. 266224600 for capital expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand **No.8- Bulidings and Roads.**

That a sum not exceeding Rs. 441135940 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand **No.10- Medical and Public Health.**

That a sum not exceeding Rs. 125686105 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand **No.12- Labour and Employment.**

That a sum not exceeding Rs. 47677715 for revenue expenditure and Rs. 22705600 for capital expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand **No.16- Industries.**

That a sum not exceeding Rs. 541264795 for revenue expenditure and Rs. 103466000 for capital

expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand **No.23- Transport.**

That a sum not exceeding Rs. 4941220 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand **No.1- Vidhan Sabha.**

That a sum not exceeding Rs. 74035625 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand **No.6 – Finance.**

That a sum not exceeding Rs. 64019880 for revenue expenditure and Rs. 3600000 for capital expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand **No.7- Other Administrative Services.**

That a sum not exceeding Rs. 17422695 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand **No.11- Urban Development.**

That a sum not exceeding Rs. 75318770 for revenue expenditure and Rs. 1204000 for capital expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand **No.13- Social Welfare & Rehabilitation.**

That a sum not exceeding Rs. 75623000 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand **No.18, Animal Husbandry.**

That a sum not exceeding Rs. 14132420 for revenue expenditure and be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand **No.19- Fisheries.**

That a sum not exceeding Rs. 69528230 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand **No.20- Forest.**

That a sum not exceeding Rs. 5834790 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand **No.24- Tourism.**

That a sum not exceeding Rs. 718482400 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand **No.25 – Loans and Advances by State Government.**

(12.00 बजे)

(इस सयम सभापतियों की सूची में से एक सदस्य चौधरी हरस्वरूप बूरा, पदासीन हुये)

चौधरी रिजक राम (राई): चेयरमैन साहब, मैं डिमांड नम्बर 8 और 10 के बारे में अपने विचार रखना चाहता हूं। डिमांड नम्बर 8 का जहां तक ताल्लुक है, सरकार ने यह फैसला किया है और ऐलान किया है कि 31 मार्च, 1981 तक हरियाणा में हर गांव को पक्की सड़कों से जोड़ दिया जाएगा, इसका मैं स्वागत करता हूं । मुख्य मंत्री महोदय तो बैठे नहीं , कृपया दुसरे मंत्री नोट कर लें कि राई के हल्के में अब भी कई ऐसे गांव जैसे मसौदी वगैरह–2 है, जहां पर अभी तक भी सड़के नहीं बनी है। राठी साहब वहां पर त ारीफ भी ले गये थे। अब जबकि 31 मार्च आने में केवल दो–चार दि नही बाकी रह गये है। इन चंद दिनों मे जितना भी सम्भव होसके, सरकार को अपने वायदे के मुताबिक सडकें बना देनी चाहिये। अपनी तरफ से सरकार को इस काम के लिये पूरी कोि ा ा करनी चाहिये। इससे अगली बात मैं यह कहना चाहता हूं कि एक सडक साबौली से नरेला तक की, जिसको बनाने के बारे में इनहोने विस्तार से एलान किया हैं गांव वालों ने अपनी जमीन भी दे दी है और मिट्टी भी डाली जा चुकी है। जब स्वर्गीय संजय गांधी जी वहां आये थे तो उस वक्त इसको बनाने का प्रोग्राम बनाया गया था और संजय गांधी के नाम से ही यह सडक बनयी जायेगी लेकिन गांव वालों की तरफ से इतना कुछ होन`के बावजूद भी सरकार की तरफ से कोई कार्यवाही नही की गयी है। इस बारे में मैं सरकार से इतना ही कहना चाहता हूं कि इस तरफ खास तवज्जो दी जाये।

चेयरमेन साहब, अब रोजगार के बारे में भी मै दो चार बातें आपके माध्यम से हाउस में कहना चाहता हूं। डाक्अर साहब तो बैठे नहीं, अगर होते तो अच्छा था। जहां तक रोजगार का ताललूक है, जब भी डाक्टर मंगल सेन हाउस में बोलते है, रोजगार की ही बात करते है और दल बदल की बात करते है। मैं उन्हें एक बात कहना चाहता हूं कि मुख्य मत्री और उनके दूसरेसाथी, अगर उस वक्त ऐसा दल बदल वाला काम न करते तो उस वक्त भी बेरोजगारी का संकट पैदा हो जाता क्योकि नये इलेक ान हो जाते। पता नहीं किस ने आना था, किस नहीं आना था और एम0एल0एज0 की बेरोजगारी भी बढ जाती। इसलिये डाक्टर मंगल सेन जी को मुख्य मंत्री महोदय का भाुक्रीया अदा करना चाहिये कि उन्होनें इन लोगों को बचा लिया।

चेयरमैन साहब, वैसे दल–बदलुओं वाली बात जचती नहीं क्यांकि जब कुनबा बड़ा हो जाता है तो अलग–2 होना ही पड़ता हैं आप देख ही रहे हे कि अपोजी ान वाले तीन जगहों पर अलग–2 होकर बैठे है। एक सो ालिस्ट पार्टी है, एक बी0जे0पी0 और तीसरी लेाकदल की पार्टी है। इसलिये यही हालत दल–बदल की भी हो जाती है।

श्री मूलचन्द जैनः चेयरमेन साहब, मैं आपकी इजाजत से चौधरी रिजक राम जी से पूछना चाहता हूं कि ये जिसपार्टी के आदमी को हराकर यहां पर आये है, क्या ये उसी पार्टी में भाामिल हो सकते है? क्या यह भी एक कुनबे को डिवाईड करना नहीं है?

चौधरी रिजक रामः बाबू जी, सिद्धांत रूप से तो ठीक बात है। अगर ऐसी बातें करते रहोगे तो हमें अलग ही कर देागें। (हंसी) अब बाबू जी, आप ही देख लीजिये चौधरी हरफूल सिंह आपकी पार्टी में थे, और अब वे कहां पर बैठे है? बाबू जी आप भी मेरी बात से सहमत होगें कि कांग्रेस में भाामिल होना तो ऐसा है जैसे गंगाजी में स्नान करलेना। असल मं बात यह है कि मुख्य मंत्री महोदय, ज्यादा भीड़ भड़क्का पसन्द नहीं करते । पहले पोहलू साहब गयें, अब चौधरी गंगा राम भी चले गये और तायल साहब को तो भाौक–ट्रीटमेंट दे रखा है। चेयरमैने साहब मेरा क्या हैं मैं तो आखिरी बैन्च पर आ गया हू। इसलिये बाबू जी को ऐसी किसी बात का जिक्र यहां पर नही करना चाहिये। हां, तो मैं रोजगार की बात कर रहा था । बेरोजगारी की असैसमेंन्ट तो आज हमारे हरियाणा में और हिन्दुस्तान में नहीं की जा सकती। जहां तक खेती का काम है, वह डिसकार्टिड है। जहां पर दो तीन आदमियों की जरूरत है वहां पर 10 बैठे है। इसी तरह से दस्तकारी की हालत हं जहां रपर दो आदमियों का काम है, वहां पर 10 आदमी बैठे है। 1978–79 के जो आंकडे है, उन से पता चलता है कि लगभग 10 लाख से अधिक ऐसे आदमी है जोकि बेरोजगारी के अन्दर फंसे बैठे है। इस के इलावा मेरी यह अर्ज है कि वे आंकेडे सही भी नहीं है क्योंकि ये आकंडे यह जाहिर नहीं करते कि इन में से कितने नाम एम्पलायमेंन्ट एक्सचेंजिज में दर्ज है। क्या इतने ही आदमी अनएम्पलायड है? हालात को देखने से तो ऐसा लगता है कि इस से ज्यादा लोग बेरोजगारी का सामना

कर रहे है। इस समय हमारे हरियाणा प्रान्त में दो–तीन किस्म की बेरोजगारी है। एक अन–एम्पलायमेंट, दूसरा अन्डर–एम्पलायमेंट और तीसरा सेल्फ कियेटिड अन–एम्पलायेमेंट। चेयरमैन साहब, खेती की प्रोडक ान बढने से ऐसा प्रतीत होता है कि इस फील्ड में लोग और ज्यादा अब्जार्ब हो सकते है लेकिन मै कहता हूं कि कृशि के क्षेत्र मेंआज भी लोग सरप्लस है और अन–एम्पलायमेंट की दिक्कतें दिन–ब–दिन और जयादा बढती जा रही हौ और 71 की मरदम ुमारी के अनुसार हरियाणा की आबादी क`वल 76 लाख के करीब थी जबकि हरियाणा प्रान्त अभी नया नया ही बना था लेकिन आज उससे दुगनी आबादी हमारे हरियाणा की हो चुकी है। आज हमारे हरियाणा की आबादी 1 करोड़ 30 लाख की हैं आबादी बढने से इसका भार कृशि पर पडता है। आज भी हमारे दे ा मे 70–71 प्रति ात लोग भूमि पर गुजारा करते है यानि खेती करके गुजारा करते हैं दूसरे दे ाों के बारे में आपने अखबारों में पढा होगा कि जर्मनी, अमरीका तथा और दे ाों ने चन्द सालों में कोि ा ा की कि थोडे से थोडे आदमी भूमि पर काम करे और दूसरे लोगों का भी गुजार हो। अमरीका एक ऐसा दे ा है जिसमें सात आदमी 93 आदमियों को खाना देने के अलावउ और भी काम रते है और कई लोग बाहर के दे ाों में भी जाते हैलेकिन वहां पर सात आदमी कृशि का काम रके और यहां 70 आदमी काम करके खुद भी खाते है। और दूसरों को खाने के लिय देते है। इसमें देखने की बात यह है कि कृशि भूमि पर जो इतना भार पडा हुआ है इसको कैसे दूर किया जाये। अभी मुख्य

मंत्री जी ने फरमाया था कि इस साल करीब चार हजार स्माल स्केल युनिट हरियाणा में लगाये है जिनसे करीब 13 हजार नये आदमियों को रोजगार मिला। मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि यह 13 हजार नये आदमियों को जो रोजगार मिला है उसमें देहात के लोगों के रास्ते में बडी बाधायें ह ै। सब से बडी बाधा तो यह है कि उनको जानकारी नहीं है क्योकि दे लैक मोटिवं दूसरी बात यह है कि उनके पास स्किल नहीं हैं जो काम वे करनाचाहते है वह कर नहीं सकते। उनके पास न मैनेजीरियल स्किल है और न दूसरी स्क्ल है। तीसरी बात जो मैं कहना चाहता हूं कि वह यह है कि सैंट्रल गवर्नमेंट की अन्डर टेकिंग्ज मध्य प्रदेश और दूसरे प्रदे ाों में बहुत है लेकिन हमारे हरियाणा में न के बराबर है। (घंटी)दूसरे प्रदे ाों में इन अंडरटेंकिग्ज में उन प्रदे ाों के हजारों की जादाद में लोग लगे हुये होगें। इसलिये हमारी सरकार भी सैंट्रल गवर्नमेंट की पब्लिक अंडरटेकिंग्ज इस प्रान्त में ज्यादा से जदा लगवाने की कोि ा ा कर। आखिरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि पंजाब का सूबा हमारे साथ लगता है और ूदसरा प्रान्त केरल का है। आप देखे इन दोनेा स्टेटों के हजरों की तादाद मं लडके दूसरे दे ाों में जाकर करोडो रूपये अपनी स्टेट की इकोनोमी बढाने के लिये भेजते है और अपने आदमियों को भी हर साल वहां बुलाते है। यहां पर हमारे आई0ए.एस0 और ूदसरे ऑफसर बैठे है। मैं सरकार से चाहूंगा कि वह भी अपने नौजवानो को इसके लिये गाईडैंस दें ताकि वे ज्यादा से ज्यादा तादाद में बाहर जाकर मुलाजमत कर सकैं। धन्यवाद।

श्री हीरानन्द आर्य (लोहारू): सभापति जी, मै ंडिमांड नं. 8,10,12,13 और 23 पर अपने विचार रखूंगा। सबसे पहले मैं मांग संख्या 13 पर जोकि सो ाल वैलफेयर एंड रिहैवलीटे ान के बारे में है बोलुंगा। सभापति, जी आप देखते है कि एक मेहनत के ा इन्सान, चाहे वह कारखाने मे काम करता हैख, चाहे सडक पर काम करता है या खुले आसमान के नीचे धरती का ाम करता है उसकी बहुत बुरी हालत हैं अगर कोइ विधायक बनता है तो उसको भी तीन सौा रूपये पैन् ान मिलती है और अगर कोई तीस साल तक सरकारी सेवा करता है तो उसको भी पैन् ान मिलती हैं आज हालात बदल चुके है। इसलिये सरकार को चाहिये कि वह बुढापे की पैन् ान का इन्तजाम करे। बिहार में ऐसा किया गया है। इस परिस्थिति में जिन व्यक्तियों ने 25–30 साल तक आर्टीजन का काम किया , खख्रेतीहर मजदूर का काम किया हैऐसे आदमियों को बुढापे की पैन् ान दी जाये। आज दे ा में सबसे बडी समस्या बेरोजगारी की है। हिन्दुस्तान की 34 साल की आजदी के बाद भी गरीब ओर गरीब होता गया और अमीर और अमीर होता गया। आप अन्दाजा लगा सकते है कि 30 साल तक एक ही पार्टी का भाासन रहा फिर भी यह हालत रही। कुछ लेागों के पास ही धन इकट्ठा होता चला गया। गरीब के सामने बेरोजगारी की समस्या मुह बाये खडी हैं आज 40 प्रति ात तो ऐस लोग बेरोजगार है जो पहले सर्विस में थे। मैं आपको उदाहरण के तौर पर बताता हूं कि दादरी में डालमिया सीमेंट फैक्टरी है जिसमें दो हजार से अधिक मजदूर बेकार है। आज उनके परिवार तबाह हो रहे है।

इसी तरह से सभापति जी, आप भिवानी के टी0आई0टी0 मिल को देखें।वहां पर अढाई हजार मजदूरों के खाते बन्द कर दिये गये है। वे लोग इधर उधर ठोकरें खाते फिर रहे है। एक बार पहले भी ऐसा हुआ था और मुख्य मंत्री जी ने आ वासन दिया था कि आप सबके खाते खाल दिये जायेगें। व खाते तो खुलवा दिये लेकिन अगले दिन अढाई हजार मजदूर निकाल दिये। इसी तरह से सारे प्रान्त मे हो रहा है। मजदूर ने तो मजदूरी की बात करनी है,उसने किसी को क्या कहना है। आपको याद होगा कि फरीदाबाद में किस तरह से म3जदूरो पर गोयिां चलाई गई थी मजदूरों को गोलियों से भूना गया था। उसकी एक मैजिस्ट्रेट ने इन्क्वायरी भी की थी लेकिन आज तक पता नहीं लजगा कि उसकी क्या रिपोर्ट है ।और सरकार ने उस पर क्या एक ान लिया। आज आप बहादुरगढ में देखे, वहां पर हमारे श्रम मंत्री केप्रभाव के कारण मजदूरो की सुनवाई की बजाये उनके साथ जुल्म किया जा रहा हैं श्रम मंत्री तो मजदूरों की भलाई के लिये होते है लेकिन ये उल्टा काम कर रहे ह। जब मजदूर अपनी मांग पे ा करते है तो कहते है कि कारखाना बन्द नहीं होने दूंगा। ठीक है कारखाना बन्दर नहीं होना चाहिये लेकिन उनकी जायज बात को तों सुनो। फिर ये कहते है कि अगर तुमने हडताल की तो तुम्हारी टांगे तोड दी जायेगी। श्रम मंत्री रक्षा के लिये होते है न कि टांग तोडने के लिये ।(विघन) सभापति जी, जाअ भी इनके हल्के में तीन कारखाने बन्द पडे है। वहां पर हड़ताल है और मजदूरों को पीटा जा रहा है, उनके साथ जुलम किया जा रहा है। इसी तरह से

सिरसा में मिल मालिक ने मजदूरों को गोलियों से चीर दिया और मजदूरों के लिये कई परे ाानियां खडी कर दी। जब जिन्दल पाइप फैक्टरी में फायरिंग हुई थी उस वक्त चौधरी देवली लाल जी की सरकार थी। वह उत्तरी भारत में पहला वाका था कि किसी कारखानेदार और करोडपति को गोली चलाने पर अन्दर किया गयाथा। लेकिन आज मजदूरों पर झूठे केस बनये जा रहे है। सभापति जी, जो हमारी ि ाक्षा है वह जौ–ओरिएंटिड होनी चाहिये। जब तक हम अपनी ि ाक्षा में परिवर्तन नहीं करेगें उस वक्त तक हम सीाी को रोजगार नहीं दे सकेगें आप सरकार का आज का सिस्टम देखें। इस पूंजीपति सिस्टम में लूटने की तो छूट है लेकिन काम करने की आजादी नहीं है। जब काम करने की आजादी नहीं होगी, पूरा अधिकार नहीं होगा तब तक मजदूरों को मजदूरी नहीं मिलेगी। सभापति जी, जिस प्रकार से सरकार ने 18 एकड जमीन की सीमा मुकर्रर कर दी है उसी प्रकार से कारखानों में भी मैंनेजमेंट होनी चाहिये और जो मजदूर कारखाने में काम करते है उस कारोबार में उनको उनकी मजदूरी का पूरा हिस्सा मिलना चाहिये। चाहे ुरीदाबाद के मजदूरों की बात हो, चाहे बहादुरगढ के मजदूरो की बात हो सरकार यह कहती है कि प्रदे ा में भाांति है। भाांति से अपनी मांगे मांगते है तो सरकार उनकी मांगों को पूरा करने का दावा करती है। मैं समझता हूं कि यह सरकार का अपने साथ भी वि वास घात हैं और जनता के साथ भी वि वासघात है। सभापति जी , अगर मजदूरों की कोई मांग हो तो वह सरकार को अव य पूरी करनी चाहिये। इसक

`अलावा आज कल आप देखते है कि जो वर्कचार्ज्ड एम्पलाइज है वे कितने लम्बे अर्से से काम कर रहे है। उनकी मांगों को भी माना जाये ताकि वे भाांति से अपनी मजदूरी कर सकें। सभापति जी, हमारे प्रदे ा में ठेकेदारी की प्रथा है। जब तक यह ठेकेदारी की प्रथा समाप्त नहीं होगी तब तक मजदूरों को उनकी मजदूरी पूरी नहीं मिल सकती है और इस प्रथा से जो समस्यायें पैदा हुई है वह भी समाप्त नहीं होगी। हमारे पडोसी प्रदे ा पंजाब और ूदसरे प्रदे ाों में देखें वहां पर अगर सरकार बेरोजगारों को नौकरी नहीं दे सकती तो बेरेजगारी भत्ता जरूर देती है। हमारे प्रदे ा में सरकार ने अनपढ लोगों को बेरोजगारी भत्ता देना तो दूर रहा, पढे–लिखें नौजवानों को भी भत्ता नही देती। सभापति जी , राठी साहब, यहां बैठे है। मै। इनसे निवेदन करूंगा कि अनपढ़ को बे ाक न हो लेकिन कम से कम पढ़े–लिखें बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता दिया जाये।

इसके अलावा सभापति जी, मैं ट्रासंपोर्ट के बारे में भी कहना चाहता हूं। आज सारे हरियाणा में बसों की हालत बहुत खराब है। उनके अन्दर साधारण आदमी के बैठने के लिये सीट तक नहीं है और जब बस चलती है तो खड़खडाती हुई चलती हैं किसी भी बस की हालत ठीक नहीं है। दूसरी तरु सरकार एयरकंडी ांड और सुगंधित बसें खरीदती है और एक बास की कीमत 6 लाख रूपये है। उसमें खाने–पीने का भी इन्तजाम है। उन बसों में सरमायेदार या बडे–2 आफिसर सरकारी खर्चे पर

सफर कर सकते हे लेकिन साधारण आदमी सफर नहीं कर सकते। सभापति जी 95 फीसदी साधारण आदमी उन बसों में सफर करते है जिनकी हालत ठीक नहीं है। न बस स्टेन्डज पर उनके लिये खाने पीने का इन्तजाम है और न बस–स्टैंन्ड पर छाया का ठीक तरह से इन्तजाम है। बहुत से बस स्टैंडज ऐसे है जहां इतनी बदबू आती है कि इंसान को वहां पर खडा रहना मु कल हो जाता है और स्वास्थ्य के लिये बहुत ही हानिकारक है। इवलिये सभापति जी मेरी सरकार से रिक्वैस्ट है कि जिन बस–स्टेंडज पर साधारण आदमी के लिये खाने पीने का इन्तजाम ठीक नहीं हैवहां पर ठीक इन्तजाम किया जाये जहां छाया की जरूरत ह ैवहं छाया का इन्तजाम किया जाये। इसक साथ–2 मैं यह भी कहना चाहता हूं कि बसों के जो कंडक्टर्ज है उनका जनता के साथ वयवहार ठीक नहीं है। इसलिये सरकार से मेरी प्रार्थना है कि कंडक्टर्ज के लिये ट्रेंनिग सैंटर्ज खोले जायें ताकि कंडक्टर्ज इस बात की ट्रैंनिग ले कि पब्लिक के साथ कैसा व्यवहार करनाचाहिये। लेकिन जब सरकार का ही रवेया ठीक न हो तो कंडक्टर्ज का व्यवहार कैसे ठीक हो सकता है? सभापति जी , 9 सिंतबर, 1979 को रोडवेज के कंडक्टर्ज की हड़ताल हुई थी जिसमें 140 कंडक्टर्ज नौकरी से निकाले गये थे। इसके बाद मुख्य मंत्री जी ने आ वासन दिया था कि उनको दो–एक की रे ाो से वापिस नौकरी में ले लिया जायेगा। सभापति जी , इन्होने वह रे ाों भी यह कह करखत्म कर दी कि उनमें से बहुत से कंडक्टर्ज ऐसे थे जो कुआलीफिके ांज पूरी नहीं करते थे, इसलिये उनको नौकरी से निकाला गयाहै।

सभापति जी, मैं आपके द्वारा मुख्य मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि सरकार ने उनकी कुआलीफिके ान उस वक्त क्यों नहीं देखी जिस वक्त उनको लगाया गया था। उस वक्त सरकार के दिमाग में यह बात क्यों नकी आई कि वे कुआलीफाईड नहीं हैं इसलिये मेरी सरकार से रिक्वेस्ट है कि यदि सरकार में थोडी बहुत नैतिकता है तो सरकार को चाहिये कि उन कंडक्टर्ज को वापिस नौकरी पर लगाये और अपने आ वासन को पूरा करे। सभापति जी यह सरकार बसों में घाटें करती है। मैं आपके माध्यम से सरकार को यह बतानाचाहता हूं कि बसों में घाटा क्यों होता है। घाटा इसलिये होता है कि जो छोटे रूटस है उन पर बसों की चैंकिग सही ढंग से नहं होती और वहां पर पैसे की बहुत चोरी होती है जिसके कारण घाटा होता है। सभापति जी, अब मैं बस भाड़े के बारे में कहना चाहता हूं। हिमाचल प्रदे ा में पर–किलोमीटर साढ़े चार पैसे बस भाडा है और पंजाब में पर किलोमीटर 7 पैसे है लेकिन इनक` मुकाबले मै हरियाणा में साढ़े 9 या 10 पैसे पर–किलोमीटर भाड़ा है। पिछले दिनों ट्रासंपोर्ट मिनिस्टर साहब का यह ब्यान भी था कि यदि डीजल की कीमत और बढ जायेगी तो बस भाडा और भी बढाया जा सकता है। सभापति जी, हिन्दुस्तान में अगर बस भाडा सब से ज्यादा है तो वह हरियाणा में है। मैं सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि यदि सरकार की साधारण आदमी के प्रति दिलचस्पी है तो इस बस भाड़े को वापिस ले। अगर वापिस नहीं लेती तो यह सरकार गरीबों की हमदर्द बनने का दम क्यों भरती है?

सभपति जी, जनता पार्टी की सरकार ने काम के बदले अनाज की योजना चलाई थी ताकि लोगों को रोजगार दिया जा सके। उस योजना के अन्तर्गत गरीब लेागों को रोजगार देते हुये बडे–2 घोटाले हो चुके है। किसी भी गरीब आदमी की सही ढंग से अनाज नहीं दिया गया। सभापति जी, जो पिछड़े इलाके है, जैसे महेन्द्रगढ़ और भिवानी का इलाका है वहां पर लोगों के पास रोजगार के साधन नहीं है। इन इलाकों में यह योजना इतनी भ्रश्ट हो गई है कि काम के बदले अनाज के बजाये घोटाले का काम रह गयाहै। सभापति जी, एक तरफ तो यह सरकार कहती है कि छोटे उद्योग–धन्धों के लिये बिजली के रेट कम किये जायेगें और दूसरी तरफ भिवानी में जो छोटे उद्योग धंधे है, उनमें बिजली के रोट बढाये गये है।इसलिये मेरी सरकार से प्रार्थना है कि भिवानी में जो बिजली के रेट बढाये गये है उनको कम किया जाये। सभापति जी सरकार ने एक बार लोहारू में पोलिटैकनिक कालेज बनाने की घोशणा की थी लेकिन वह कालेज आज तक नहीं बना। लोहारू का इलाका बहुत पिछड़ा हुआ इलाका हैं अगर वहांपरन पौलिटैक्निक कालेज बना दिया जाए तो लोग उससे ट्रेंनिग लेकर अपना रोजगार चला सकते हैं वहां पर लोगों के पास जिन्दा रहने के लिये रोजगार के साधन नहीं हैं इसलिये पौलिटैक्निक कालेज जरूर बनाया जाना चाहिये। इसके अलावा सभापति जी, भिवानी के अनदर लकडी की कीमत 50 रूपये क्विंटल है और सरकार यह कहती है कि गरिनरी फैलाओ ताकि डैजर्ट न बढे। अगर सरकार गरिनरी फैलाना चाहती है तो उन इलाकों ने नहर द्वारा पानी भेजे

और बिजली दे। यदि सरकार से बिजली की मांग की जाती है तो महाबीर सिंह जैसे आदमी को गोली मार कर भाहीद कर दिया जाता है। यदि सरकार पेड लगाकर हरियाली फैलाना चाहती है तो लोगों को ईनाम दे, इनसैंटिव दे। सभापति जी, भिवानी ओर महेन्द्रगढ़ के इलाके में सिर्फ जांडी की लकडी होती है जिस पर सरकार ने काटने की पांबदी लगाई है। इसलिये वहां के लोग बहुत परे ाान है क्योकिं इस लकडी के अलावा उन इलाकों में दूसरी कोई लकडी नहीं होती।

श्री सभापतिः आर्य साहब, आप वाइंड–अप कीजिये।

श्री हीरानन्द आर्यः मैं दो मिनट मे ंखत्म करता हूं सभापति जी, मैं आपके द्वारा सरकार से यह दरख्वास्त करना चाहता हूं कि जंगलात लगाने के लिये सरकार ने जिन आदिमियों की जमीन एक्वायर कर रखी हैं उनको अभी तक मुआवजा नहीं दिया गयाहैं सभापति जी, पिछले साल साढ़े आठ करोड रूपया वाटर सप्लाई स्कीम लागू करने के लिये मंजूर हुआ था लेकिन उसमें से भिवानी जिले में एक भी पैसा खर्च नही कियागया है। मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि भिवानी जिले के डैजर्ट एरिया के लिये पानी का प्रबन्ध किया जये ताकि लोगों का पिछडापन दूर हो सके। इसके इलावा लोगों को रोजगार के साधन मिल सके। उस इलाके से हमारे ट्रांस्पोर्ट मिनिस्टर ताल्लूक रखते है, इनके हल्के में कस्टोडिन जमीन है जिसका मालिया वसूल किया जा रहा है। अगर सरकार को मुजारों के साथ हमदर्दी है तो

उनका मालिया माफ किया जाए क्योकिं पिछले सालों से मालिये की इतनी रकम इकटठी हो गई है जिसको लोग दे नहीं सकते, इसलिये उनको राहत देने के लिये मालिया जरूर माफ करे।

श्री सभापतिः आप बैठ जाइये आपका टाईम हो गया है। इसके बाद श्री बलदेव तायल बोलेंगे।

श्री बलदेव तायल (हांसी): सभापति महोदय, मैं डिमांड नम्बर 8, 10, 12, 16 और 23 के बारे में अपने विचार सदन के सामने रखना चाहता हूं। सबसे पहले मैं डिमांड नं0 12 जो लेबर एंड एम्पलायमेंट के सम्बन्ध में हे , के बारे मे आपका ध्यान आकर्शित करना चाहता हूं। सभापति महोदय, हिन्दुस्तान के संविधान के अन्दर एक धारा है जिसमें इक्वैलिटी आफ अपौर्चुनिटी की बात कही गई है। इस धारा के अन्दर हिन्दुस्तान के नागरिकं को यह आ वासन दिया गया है कि जब कभी उनकी नागरकिता और एम्पलायमैंन्ट का मसला उठेगा तो इस धारा के अन्तर्गत अधिकारों की रक्षा की जायेगी। इस धारा के अनुसार नागरिकों केसाथ अमीरों ाऔर गरीबी का भेदभाव नहीं बरता जायेगा, जात–पात का भेदभाव नहीं रखा जायेगा और साथ ही यह भेदभाव नहीं रखा जायेगा कि अमूक व्यक्ति किस कौम से ताल्लूक रखता है, किस व्यक्ति का पुत्र है किस गांव से सम्बन्ध रखता है बल्कि एक फेयर कम्पीटी ान के अन्दर , एक राइवलरी की भावना से नहीं बल्कि उसकी क्षमता के अनुसार उसको नौकरी प्रदान की जायेगी। सभापति महोदय, इस काम को पूर्ण करने के लिये

हिन्दुस्तान के संविधान में पब्लिक सर्विस कमी ान संस्था की स्थापना की और उसको मान्यता प्रदान की गई। सभापति महोदय, आप हरियाणा का भाग्य समझ लीजिये, यहां भी पब्लिक सर्विस कमी ान बनाया गया। हरियाणा कापब्लिक सर्विस कमी ान कायम है। काम करता है लेकिन इसके खुद के मैंबर अखबारों में , नौकरियों की भर्ती के बारे में आर्टिकल लिखने के लिये मजबर होते है। (इस समय सभापतियों की सूची में से एक सदस्य चौधरी वीरेन्द्र सिंह पदासीन हुये।

सभापति महोदय, हरियाणा पब्लिक सर्विस कमी ान इस लिये बनाया था कि फलां फलां नौकरियों की डिमांड पब्लिक सर्विस कमी ान के पास भेजी जाये और कैंडीडेटस की रिक्रूटमैंट पब्लिक सर्विस कमी ान के थ्रू की जाये वरना लोगों के साथ गैर इन्साफी होगी। और तो और सभापति महोदय, पब्लिक सर्विस कमी ान का एक हरिजन मैंबर जिसको श्री मड़िया के नाम से जाना जाता है इनको मजबूर होकर, हरियाणा सरकार द्वारा हैरासमेंट किये जाने के बारे में प्राईम मिनिस्टर तक को पत्र लिखने पडे। जहां पब्लिक सर्विस कमी ान के मैंबर्ज को इस तरह से हैरास किया जाये वहां एक आम आदमी इस सरकार से और सरकार के निर्माताओं से , बोर्डों से क्या उम्मीद रख सकता है?

आबकारी तथा कराधान मंत्री (चौधरी मेहर सिंह राठी): आप कौन सी डिमांड पर बोल रहे है?

श्री बलदेव तायलः सभापति महोदय, अभी राठी साहब ने पूछा कि मैं कोन सी डिमांड पर बोल रहा हू। मैने जहले ही बता दिया था कि मैं डिमांड नं0 12 पर बोल रहा हूं लैकिन मेरे विचार से भाायद मंत्री महोदय सतझ नहीं सके क्योकि इनको पता नही कि कभी–2 मोड आफ एम्पलायमैंट भी आ जाता हैं अध्यक्ष महोदय, 1978में एस0एस0एस0 बोर्ड में एक इम्तिहान हुआ था। हरियाणा के 77 हजार लडके , दस दस रूपये फीस देकर इस इम्तिहान मे बैठे और पर्चे दिये। बोर्ड ने 7 लाख रूपयेा फीस के माध्यम से बटोरा। इस इम्तिहान का नतीजा क्या निकला? 1978 में इम्तिहान हुआ था और आज सन 1981 है। आज तक बोर्ड ने कोई मैरिट लिस्ट नहीं बनाई अपने आफिस के बाहर कोई लिस्ट नहीं टांगी, किसी कोकोई सूचना नहीं दी कि किस लडके के कितने नम्बर आये। ऐसी अंधेरगर्दी कियेट कर रखी है कि जब जी में आता है सिफारि ाी लडकें का नाम बोर्ड को भेज देते है कि इसको सिलैक्ट किया जाये और वह सिलैक्ट हो जाता है। सभापति महोदय, यही नही एक व्यक्ति ने बोर्ड में दरखास्त भी नहीं दी थी, लेकिन सर्विस सिलैक ान बोर्ड ने उसको भी सिलैक्ट कर लिया।

चौधरी मेहर सिंह राठीः उस व्यक्ति का नाम क्या है?

श्री बलदेव तायलः उसका नाम मायी राम, गांव मंगाल और आदमपुर कांस्टीच्युएंसी का हैं सभापति महोदय, मै ंचाहता था कि किसी व्यक्ति का इस हाउस के अन्दर नाम न लिया जाये

केवल सरकार को ही बातया जाए क्योकि कही ऐसा न हो जाये कि किसी गरीब को नौकरी मिल गई हो और नाम लेने से राठी साहब उस पर कुठाराघात करे। सभापति महोदय, एस0एस0एस0. बोर्ड के इलावा एक और इन्सटीच्यु ान है जहां रिक्रूटमेंट में बडी हेराफेरी होती है। वह है कारपोरे ाजन । कारपेारे ान्ज में कन्फैड है, हैफड है पतानहीं कितने हिस्से है। इन कारपोरे ान्ज में 3 हजार लडके भर्ती किये। इनके सिलैक ान करने का प्रोसीजर क्या है, यह आप सुन लीजिये। इनके चेयरमैन है और सिलैक ान कमेटीज बनी हुई है। चेयरमैन और सिलैक ान कमेटी के मैंबर भाायद दसंवी पास भी न हो लेकिन कैंडीडेटस की सिलैक ान करते है और वह भी ग्रैजुएटस की । इनकी क्या क्षमता है? जब सिलैक ान कर लिया तो उनकी लिस्ट आउट नहीं होती। यह किसी को पता नहीं हेाता कि कितने लडके अपीयर हुये उनकी क्या–2 क्षमता थी, किन–2 ग्रांउडज पर रिजैक्ट हुये, किन ग्रांउडज पर सिलैक ान हुई इस बात का कोई पता नहीं, यह इन्तहा हैं सभापति महोदय,पहलजे जुडि ारी सर्विसिज का इम्तिहान हुआ करता था लेकिन इस सरकार ने इस इम्तिहान को बडी बेरहमी के साथ बरतरफ कर दिया और फैसला किया कि इन्टरव्यू लेकर लडके सिलैक्ट किये जायेगें। इस इनटरव्यू के अन्दर क्या क्षमता है, क्या मापदण्ड होगा? इसका मापदण्ड होगासिफारि ा का, रि तेदारी का। सभापति माहेदय, इस में यह बात अगर वाकिया है कि जब भी कोई इन्टरव्यू होता है तो वे लडके और उसके वारिसान अपने थैलों के अन्छर हजारों रूपये के

नोट लेकर घूमते है, पता नहीं किस मतलब से घूमते है। सिर्फ एक ही कनकलूजन निकलता है कि कोइ जरिया बना हुआ है, कोई तरीका निकाला हूआ है, उस तरीके की मारफत नौकरियां दी जाती है।

चौधीर मेहर सिंह राठीः आप यह बता दें कि किसने किसको क्या दिया है।

श्री बलदेव तायलः मैं इस कट्रोंवस्री मे ंनही पडूंगा और न ही मैं किसी व्यक्ति के उपर कुरप्ान या बराइवरी का एलीगे ान लगाने के लिये तैयार हूं। अगर मंत्री महोदय मुझे अपने दफतर में पूछने का कश्ट करेगें और इस हाउस को आ वासन देगें तो चाहे कितना ही बडा व्यक्ति हो, मैं उसका नाम बताउंगा और उसके खिलाफ सबूत भी दूगां। अगर यह हाउस के अन्दर आ वासन देने की हिम्मत रखते है।

चौधरी मेहर सिंह राठीः हम तो पूरा एक ान लेगें अगर यह साबित हो जायेगा कि किसी ने करप्ान की है। मैं किसी को बख्भाने वाला नहीं हू।

श्री बलदेव तायलः सभापति महोदय, ये मुझे पत्र लिख कर भेजें। उसके जवाब में मैं इनको नाम भी दूंगा और सबूत भी दूंगा तथा गवाह भी दूंगा लेकिन खतरा एक मुझे मालूम देता है कि अगर ये ऐक ान लेने की चेश्टा रकेगे तो ये भाायद खुद मंत्री न रहे। (विघन)

चौधरी मेहर सिंह राठीः नहीं रहेगे, मुझे इस बात की परवाह नहीं हैं (विघन)

श्री बलदेव तायलः सभापति महोदय, आप स्वयं देहात में रहने वाले है, देहात की कंडी न्ज को जानते हैं आज किसानो के बेटे, बी0ए0 ओर एम0ए0 पास जवान काम मांगते फिरते है। दर–2 की ठोकरें खाते फिरते है। भाहरों के अन्दर भी यही हालत है। सरकार को उनको काम देनाचाहिये वरना नतीजा क्या होगा? जब भूख से उनका खून तडप जायेगा, जब उन्हें नौकरी नहीं मिलेगी, पेट की भूख कुलबलाने लगेगी, जवानी का जो ा उभरेगातो रेाकने से नहीं रूकेगा और.....।

ि ाक्षा राज्य मंत्री (श्रीमती भांाति देवी): वे बलदेव तायल के पैसे को लूटेंगे। (विघन)

श्री बलदेव तायलः बहन, मेरा पैसा ईमानदारी से कमाया हुआ है लेकिन उस`ले भी लेगें तो मैं दे भी दूंगा परन्तु जिन्होनें रूपयावैसे ही कमाया है उनका वह रूपया लूट लियागया तो क्या होगा? (विघन) मैं आपको नहीं कह रहा हूं मैं तो कह रहा हूं कि बहुत से व्यक्ति ऐसे हे जो सबसे पहले ि ाकार बनेगें। (विघन) सभापति महोदय, सबसे पहले वे ि ाकार बनेंगें उस खूनी क्रांति के, जिन्होने नाजायज तौर पर धम कतायार है जिन्होने लोगों का गला घोंट–2 कर पैसा कमाया हैं (घंटी) सभापति महोदय, मैं अब जल्दी ही खत्म कर रहा हूं। सभापति महोदय, एकहल्का आदमपुर

है जिसक`अन्दर 66 किलोमीटर सडक बनती है और एक हल्का हांसी है जिसके अन्दर 1.55 किलोमीटर सड़क बनती है। (विघन) मैं सरदार लछमन सिंह जी से कहूंगा कि ठीक है दाढ़ी तो इन्होने स्याह कर ली है ये तो रंग लिये लेकिन कम से कम दिमाग न रंगें।(हंसी)

खाद्य तथा पूर्ति मंत्री (श्री लछमन सिंह): चेयरमेन साहब, आन ए प्वायंट आफ आर्डर। (विघन) हम तो सैवन इन बन सही, ये थ्री इन वन है और उसी टोन में वे बोल रहे है। (हंसी) चेयरमैनल साहब, मेरे हल्के में 70 किलोमीटर सडकें बनी है। नारायणगढ़ में भी इतनी ही बनी है। जहां सडक पहले नही बनी थी वहां तो बननी ही थी और वैसे 31 मार्च तक सारी ही सडकें बन जायेगी। ये जरा बता दे कि इनकी कौन सी सडक रह गई है?

श्री बलदेव तायलः सभापति महोदय, मैं तो रिकार्ड की बात कर रहा हूं। अगर मेरे हल्के में 1.55 किलोमीटर से ज्यादा सडकें बनी हुई हो तो यह`बता दें मैं अपने भाब्द विदड्रा कर लूंगा।

चौधरी मेहर सिंह राठीः कोइ गांव बताइये।

श्री बलदेव तायलः एक गांव है खरबला–सिसरी।

चौधरी मेहर सिंह राठीः यह पहली अप्रैल को बताना।

श्री फतेह चनद विजः आन ए प्वांयट आफ आर्डर, सर। सभापति महोदय, मंत्री महोदय ने अभी कहा कि गांव का नाम बता दे। मंत्री महोदय उन गांवों के नाम नोट कर ले जिन गांवों में सडकें नहीं बनी है। मैं अभी 10–12 गांवों के नाम बता देता हूं।

श्री सभापतिः यह कोई पवायंट आफ आर्डर नहीं है। (विघन)

श्री बलदेव तायलः सभापति महोदय, हांसी मे एक हस्पताल बन रहा है। वह हस्पताल आदमपुर के हस्पताल सक पहले बनना भाुरू हुआ था लेकिन अभी तक यह पता नहीं कि वह कब तक कंप्लीट होगा। मैं आपके द्वारा सरकार के नोटिस में यह बात लाना चाहूंगा कि हांसी की जनता को बडी तकलीफ है इसलिये उसे ये कृपया जल्दी पूरा करे। सभापति महोदय, बहन भाांति राठी जी यहां बैठी है। ये मंत्री है।। इनको पता है कि हांसी के अन्दर गवर्नमेंट स्कूल की कोई बिल्डिंग नहीं ह। जो बिल्डिंग है वह निहायत ही खस्ता हालत मे हैं जिस दिन से ये मंत्री बनी है, उस दिन से इनको इसबात कापता है लेकिन इन्होने आज तक उसको रिपेयर करवाने के लिये कोइ कदम नहीं उठाये।

श्रीमती भाांति देवीः हम गांव में काम करवाते है।

श्री बलदेव तायलः सभापति महोदय, जहां तक गांव औ।र भाहर का सम्बन्ध है इसके बारे में मैं दो बाते कह देना चाहता हूं। भाहरके अन्दरी भी गरीब आदमी रहंते है। भाहरों के

बच्चे भी गरीब हैं वहां आम मजदूर मुि कल से अपना पेट पालता हैं बहन जी के पास तो 10 एकड़ जमीन भी होगी लेकिन भाहर के अन्दर मजदूर पाईप के अन्दर रहता है, वही बच्चे पैदा करता है वहीं गजारा करते है और वहीं मरते है। इसलिये मैं इनसे निवेदन करूंगा कि ये गांव और भाहर में भेदभाव करने की चेश्टा न करे वरना वह भी ठीक नहीं होगा।

सभापति महोदय, अन्त में मैं एक बात इंडस्टरीज के बारे में कहूगां। हरियाणा का उद्योग मृत्यु के कगार पर खडा हुआ है क्योकि उद्योग बिना उर्जा के नहीं चल सकता। यह सरकार उद्योगों को बिजली देने में असफल रही है, कोयला देने में असफल रही है, डीजल देने की और इसने कोई कदम नहीं उठाया है। इसलिये लाखों करोडो रूपया सरकार का ओर जनता का, जो कि इंडस्ट्रीज में लगा हुआहै, खत्म हो जायेगा। (विघन) डिमांड नं0 23 ट्रांस्पोर्ट की है। इसके बारे में अर्ज है कि they are the living monuments of inefficiency.

श्री मूलचन्द मंगला (पलवल): सभापति महोदय, अभी–2 मंत्री महोदय, श्री लछमन सिंह जी ने कहाकि कोई भी गांव 31 मार्च तक बिना सडक के नहीं रहेगा। मैं आपके द्वारा मंत्री महोदय के नोटिस में दो–तीन सडकों के नाम ला देना चाहता हूं ताकि वे कही सडकों के बगैर न रह जाये। पलवल तहसील में बडगांव के नजदीक आजाद नगर एक गांव है। वहां की आबादी 200 के करीब हैं वहां सडक नहीं है। मैं चाहता हूं कि वहां सडक बननी चाहिये।

इसी तरह से मैं निवेदन करना चाहता हूं कि पृथला से धतीर एक सडक बननी चाहिये। वहां जमीन एक्वायर की गई है लेकिन आज तक कोई सडक नहीं बनाई गई है। वह सडक अगर बन जाती हे तो लोगों को बहुत फायदा हो जायेगा। कम से कम दो हजार बच्चे रोजाना साइकिलों पर फरीदाबाद और बल्ल्भगढ़ आते है। सडक न हेाने की वजह से उनहें बडी तकलीफ है। इसी तरह से जोधपुर में भी कोई सडक नहीं है।

पब्लिक हैल्थ डिपार्टमेंट के बारे में सभापति महोदय मेरी यह प्रार्थना है कि 3 अगस्त 1979 को चीफ मिनिस्टर साहब अलावलपूर गये थे। वहां मैने एक सज्जन को प्रार्थना करके, 2 लाख रूपये की एक हस्पताल की बिल्डिंग बनवाई है। मुख्य मंत्री जी ने वहां कहा था कि वे इस हस्पताल की बिल्डिंग को टेक–ओवर कर लेगें। वहां डाक्टर तो भेज दिया गया लेकिन बाकी चीज कोई प्रबन्ध नहीं किया गया । अभी तक उस महानुीाव को, जिन्होने वह बिल्डिंग बनाई थी, उस बिल्डिंग कासारा खर्च बरदा त करना पडता हैं उनहे हर महीने कम से कम पांच सौ से लेकर एक हजार रूपये तक बिजली के बिल, सफाई और सफेदी वगैरा का खर्च बरदा त करना पडता है। मैं प्रार्थना करता हूं कि वह बिल्डिगों टेक ओवर कर ली जाये। मुख्य मंत्री जी ने जो भाब्द कहे थे वे पूरे करने चाहिये। सभापति महोदय, इसी गांव में एक हाई स्कूल है। मुख्य मंत्री जी ने कहा था कि वे इस स्कूल को डेढ़ लाख रूपये की ग्रंट देगें लेकिन वह भी आज तक नहीं

मिली। इस प्रकार से जो अनाउन्समैंट होती है, वह 31 मार्च तक पूरी होनी आव यक थी लेकिन वह पूरी नहीं हुई।

हमारे यहां स्कूलनों की हालत बहुत ही जयादा खराब हैं मुख्य मंत्री जी कहते है कि वे देहातों को उंचा उठाना चाहते है। हमरे यहां ऐसे देहात है जहां पर स्कूल है और दो–2 हजार बच्चें पढते हे लेकिन उकने बैठने के लिये कोई प्रबन्ध नहीं हैं जिस पैसे के लिये वे अनाउन्समैंट करके आये थे, वह पैसा आज तक नहीं पहुंचा। इसलिये वह डेढ लाख रूपया वहां पर दिया जाना चाहियै।

इसी प्राकर पलवल के अन्दर गवर्नमेंट गर्ल्ज हायर सैकिन्डरी स्कूल हैं उसमें केवल पांच कमरे है। मैने पिछली बार भी सै ान में कहा थ कि उनकी मुरम्मत होनी चाहिये ओर दूसरे और भी नये कमरे बनाये जाने चाहिये। एजूके ान डिपार्टमेंट से डी0पी0आई0 साहब भी वहां गये थे। उनहोने मुझे भी बुलाया था और कहा था कि एक दो कमरे बनवा देगें लेकिन आज तक वे कमरे नहीं बने। उस स्कूल में डेढ़ लाख रूपया फन्डज का जमा है और 25 हजार रूपया इकट्ठा करने के लिये मैने कह दिया था कि मैं इकट्ठा करवा दूंगा। इस तरह से पौने दो लाख रूपया हो जायेगा। इससे दो या चार कमरे बन जायेगें लेकिन उस और सरकार बिलकुल गौर नहीं कर रही है। उस स्कूल में 22 सैक ान है। छः सैक न बाहर धूप मे बैठते है और बरसात में भी बाहर ही बैठते है। इस स्कूल में दो ि ाफ्ट है। 11सैक ान सुबह है और

11 भाम को है जबकि पांच कमरों मे ंपांच सैक ा नही बैठ सकते है। इसलिये मेरी प्रार्थना है कि वहां जल्द से जल्द कमरे बनाये जाये।

इसके अलावा मैं मैडिकल एन्ड पब्लिक हैल्थ के विशय में अपने विचार रखना चाहता हूं। कुछ दिन पहले हमारे सी0एम0 साहब पलवल में एक हस्पताल का उदघाटन करके आये थे और उन्होने यह वायदा यिकाथा कि इसतीस बैडज कै हस्पताल को 60 बैडज का कर दिया जायेगा लेकिन वह आज तक 60 बैडज का नही हुआं उसके आसपास के एरिया में पचास हजार की आबदी है। यह हस्पताल जी0टी0 रोड पर है, इसके आसपास चार सौ गांव है जो बहुत बडे–2 देहात है लेकिन यह हस्पताल बहुत छोटा है । इसलिये मेरी आपसे गुजारि ा है कि इसको तीस बैडज की बजाये 60 बैडज का बनाया जाये। मे पब्लिक हैल्थ के विशय में भी इस के साथ ही अर्ज कर देता हूं। कई देहात ऐसे है जहां पर कई–2 मील से पानी लाना पडता ह। औरतों को तीन–तीन मील से पानी लाना पडता हैं कुछ लोग जोहड़ का पानी पीते है। यह सरकार के पास रिपोर्ट आयी है अफसरों ने माना है कि उस एरिया मे ंपानी की दिक्कत है। वहां पर रजौल की वाटर सप्लाई स्कीम मंजूर हुई है। वह स्कीम एकसाल पहले मंजूर हुई थी लेकिन अभी तक नहीं बनी है। वहां पर ट्यूबवल तो लगा दिया गया हे और थोडी सी लाइन भी डाल दी गई है। इस इलाके में बघौला, दूधोला घ ारौल ऐसे गांव है, जहां पर बहुत ही कड़वा

पानी है। हमारी बहिनों को दूर से सर्दी और धूप मे ंपानी लाना पडता हैं इसलिये इन गांवों को भी ध्यान मे ंरखते हूये वहां पर पीने के पानी का प्रबन्ध यिकाजाये। दूसरे गांवो से पहले इन गांवो में पीने का पानी देने के लिये जल्द से जल्द प्रबन्ध किया जाये।

अब मैं लेबर एन्उ एम्पलाएमैंट के बारे में अर्ज करना चाहता हू। फरीदाबाद के एरिया में बहुत ज्यादा लेबर काम करती है और आपको यह भी पता है कि उस एरिया मे ंकारखाने भी बहुत है। सभापति महोदय बडे अफसोस के साथ कहना पडता है कि कारखाने वाले छः महीने के लिये लगा लेते है और फिर बाद में निकाल देते हैं उन लोगों को वे परमानेंट नहीं होने देते। हजारों बच्चों की यही हालत होती है वे आई0टी0आई0 भी पास हेाते है लेकिन उनको छः महीने बाद निकाल देते हें सरकार की और से कोई ऐसा सिस्टम लागू किया जाना चाहिये जिसे उनका निकाला न जाये और जो बेकारी फैली हुई है वह दूर हो सकें जैसा कि अभी तायल साहब ने जिक किया था कि अगर इस तरह से बेकारी बढती रही ओर बच्चों को काम नहीं मिला तो ये बच्चे इसप्रकार की स्थिति पैदरा कर देगें जिसको सम्भालना मु कल हो जायेगा। सभापति महोदय, मेरा निवेदन है कि सरकार ऐसा कानून बनाये कि जो कारखानेदार किसी मजदूर को रखे, चाहे वह स्क्ल्ड लेबर हो, चाहे अनस्क्लड लेबर हो, एक बार कारखाने में लगने के प चात उसे हटाया न जाये।

सभापति महोदय, मुख्य मंत्री पलवल में यह कहकर आये थे कि यहां पर भूगर मिल लगेगा। काफी भोयर भी बिके लेकिन आज तक वह भूगर मिल नहीं लगा। पलवल के देहातों से हजारों की तादाद में लेबर फरीदाबाद की इन्डस्ट्रीज में नौकरी करने के लिये आती है लेकिन वहां पर उन के लिये सरकार की ओर से कोई बडी इन्डस्ट्री नहीं हैं इसलिये मेरा निवेदन है कि वहां पर बडी इन्डस्ट्री लगायी जाये ताकि रोजगार मिल सके।

अब मैं डिमांड नं0 23 के बारे में अर्ज करना चाहता हूं। डिमान्ड नम्बर 23 ट्रांसपोर्ट के बारे में है। गुड़गांव मे एक वर्क ाप है जिस में 25 हजार रूपये की लागत से बस की बाडी बनती है। वहांपर थोड़ी बहुत बाडी बनती है लेकिन जालन्धर के अन्दर 35 हजार रूपये में बाडी बनती है क्योकि यहां पर जयादा बनवायी जाती है। यहां पर इस हजार एक बाडी पर कुछ लोग भोयर के रूप मे लेते हैं इसलिये मेरा सुझाव है कि सारी की सारी बाडी गुडंगावं में बननी चाहिये। मेरे हल्के में कई हाई स्कूल है जैसे अलावलपूर, दीघोट, धतौर और जेन्दापूर। इनमें लड़कियां पढती है। इसलिये मेरी सरकारसे अर्ज है कि जिन सडकों पर ये स्कूल है वहां पर क्यू स्टैंन्ड बनाये जाने चाहिये ताकि बच्चों की आने–जाने से सुविधा हो सके।

श्री दीपचन्द भाटिया (फरीदाबाद): चेयरमैन साहब, पहले तो मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने इस बजट सै ान में बोलने के लिये समय दिया। मैं अभी तक गवर्नर एड्रेस, बजट और

डिमान्डज पर बिलकूल नहीं बोला हूं। आपने मौकादिया, उसके लिये धन्यवाद।

यह बडी खु ाी की बात है कि हमारे राव बीरेन्द्र सिंह जो पहले चहां पर एम0एल0ए0 होते थे, आज वे सैन्ट्रल गवर्नमेंट में मिनिस्टर है। भगवान ने हमारी सुन ली है। हरियाणा सरकार खु ाकिस्मत है कि राव साहब इरीगे ान एंड एग्रीकल्चर मिनिस्टर लगे हूये है। उनहोन सारे दे ा को 117 रूपये क्विंटल की बजाये 130 रूपये क्विंटल गेहूं का भाव दिलायाहै और जौ का भाव 85 रूपये क्विंटल की बजाये 105 रूपये क्विंटल दिलाया है। अपोजी ान के भाइयों को इस बात पर दुख हुआ है। (ाोर) यह भाटिया यहां पर उनकी बात क्यों कर रहा है? उन्होने बहुत बडी बात की है। (ाोर) इस बात की तो सभी को खु ाी होनी चाहिये कि वे सैकिन्ड पोजी ान मे भारत सरकार में मिनिस्टर है। बजट पास हो गया, उसका मेने समर्थन किया है। अब मैं अपने इलाके के बारे में अर्जकरना चाहता हूं । आज मेरे सामने डिमान्डज है ओर मैं हर डिमान्ड पर बोलनाचाहूंगा। चौधरी भजन लाल के चीफ मिनिस्टर बनने के बाद एक जलसा फरीदाबाद में हुआ था। उसमें उन्होनें कहा था कि झुग्गी–झोंपडी वाले जो 15–20 हजार आदमी है जिन मे किसान लोग भी है, हरिजन भी है और दूसरी जातियों के भी है। (ाोर)

श्री सभापतिः आप किस डिमान्ड पर बोलनाचाहते है?

श्री दीप चन्द भाटिया: मैं रिहैब्लीटे ान की डिमानड पर बोलना चाहता हूं जिन–2 डिमानडज पर मैं बोलना चाहता हूं उनको पहले पढ देता हू। एक डिमान्ड नम्बर 8 है जो बिल्डिंग्ज एन्ड रोडज के बारे में है।दूसरी डिमान्ड नम्बर 10 हे जो मैडिकल एन्ड पब्लिक हैल्थ के बारे में हैं इसी प्रकारसे डिमान्ड नम्बर 12 लेबर एंड एम्पलाएमेंट, डिमान्ड नम्बर 16 इन्डस्ट्रीज , डिमान्ड नम्बर 23 ट्रासंपोर्ट, डिमान्ड नम्बर, 6 फाइनैंस, डिमान्ड नमबर 7 अदर एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विसिज के बारे मे अर्ज करना चाहता हूं। (ाोर) में कह रहा था कि फरीदाबाद मे बहुत सारी झुग्गी झोंपडिया है ओर जिस जमीन पर वे झोंपडियां है वह सैन्ट्रल गवर्नमेंट की हे। स्टैट गवर्नमेंट को जल्दी से जल्दी उस जमीन को ले लेना चाहिये ताकि इन झुग्गी झोपडियों मे रहने वाले बहुत सारे लोगों को अइच्छी तरह से बसाया जा सके। बरसात के दिनों में इन लोगो को काफी दिक्कत रहती है। सैन्ट्रल गवर्नमेंट हमारे से टैक्स के रूप में बहुत सारापैसा लेती है। उस जमीन को खरीदने के लिये दो करोड रूपये की व्यवस्था पहले ही की गई है। इसलिये मै आपके जरिये सरकार से प्रार्थना करूंगा कि उस जमीन को जल्दी से जल्दी खरीद लिया जाये और झुग्गी झोपडियों वालों को ठीक से बसाया जाये।

सभापति महोदय, वहां एक बाद ााह–खां हस्पताल है। आज कल उस हस्पताल की हालत बहुत दयनीय है। इसलिये मेरी सरकार से इस बारे भी गुजारि ा है कि उस हस्पताल को ठीक

कराया जाये। उस हस्पताल की हालत जिला बनने के बाद भी वैसी ही है जैसी पहले थी। उस हस्पताल के अन्दर डाक्टर बहुत कम है और दवांइयां भी नहीं मिलतीं। इस प्रकार से वह हस्पताल एक किस्म से बूचड़खाना बना हुआ है। उस हस्पताल के अन्दर न तो मरीजों के लिये जगह है और न ही दूसरे व्यक्तियों के लिये कोई ठहरने की जगह हैं । इसलिये मैं यह चाहता हू कि उस बाद ााह–खां हस्पताल को ठीक करना चाहिये और उसका नाम सुन्दर करना चाहिये। चीफ मिनिस्टर ने जलसे के अन्दर कहा था कि इसहस्पताल को दुबारा ठीक तरह से बनाने के लिये मैं पत्थर रखूंगा। जिस समय पहले वह हस्पताल बनाया गया था उस समय उस हस्पताल की नींव पंडित जवाहरलाल नेहरू जी ने रखी थी लेकिन आज उस हस्पताल की हालत बहुत क्षराब हैं इसलिये मैं चीफ मिनिसटर साहब से निवेदन करना चाहता हूं कि उस हस्पताल को तुरन्त ठीक कराया जाये और उसे बूचड़खाना बनने से बचाया जा सके।

सभापति महोदय, मै एक बात फरीदाबाद कम्पलैक्स के बारे मे कहना चाहता हूं। वहां पर 600 क्वार्टर, जिस समय मै मिनिसटर था, उस समय बन चुके थे लेकिन अब वहां पर करीब 1200 क्वार्टर बनने जा रहे है, इस के लिये मै अपने लोकल सैल्फ मिनिस्टर को धन्यवाद देता हू। इसके ाि ही साथ मैं अपने मंत्री महोदय से और चीफ मिनिस्टर महोदय से यह रिक्वैस्ट करता हूं कि वहां पर और जयादा क्वार्टर बनये जोय क्योकि इन 1200

क्वार्टरों से ुरीदाबाद कम्पलैक्स के अन्दर कुछ नहीं हेगा। वहां पर कम सक कम 18 या 20 हजार क्वार्टर बनाये जाने चाहिये ताकि वहां के लोगो को किसी प्रकार की रहने की कोई दिक्कत न हो।

इनके साथ साथ मैं आपसे यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि फरीदाबाद कम्पलैक्स के अन्दर जो इस साल मर्दम– ुमारी हुइ है वह ठीक नहीं हुई। इस मर्दम– ुमारी के तहत वहां पर 3 लाख आदमी दिखाये गये है जबकि फरीदाबाद कम्पलैक्स के अन्दर कम से कम 5 लाख की आबादी है। इसलिये मैं चाहता हूं कि वहां की मर्दम ुमारी दुबारा होना चाहिये। कम आबादी दिखाये जाने वे वहां के लेागों को आटा, चीनी और मिट्टी के तेज आदि की काफी दिक्कत रहेगी। यदि मर्दम भुमारी ठीक प्रकार से होगी और वहां की जनसंख्या का ठीक पता लग सकेगका तो फिर उन्हे उसी हिसाब से घी, आटा चीनी तथा मिट्टी के तेल आदि की कोई दिक्कत न होगी। फरीदाबाद कम्पलैक्स के अन्दर फरीदाबाद, सिटी फरीदाबाद टाउन यानि वहां का सारा भाहर आता है मैं दुबारा सरकार से प्रार्थना करता चाहता हूं कि वहां पर मर्दम ुमारी ठीक प्रकार से होनी चाहिये।

श्री सभापतिः भाटिया साहब, आपका समय समाप्त हो गयाहै। अप कृपया अपनी बात जल्दी खत्म करे(विघन)

श्री दीपचन्द भाटियाः सभापति महोदय, फरीदाबद एक बहुत बडा इंडस्ट्रियल एरिया हैं वहां पर बहुत सारी फैक्टरियां लगी हुइ है। (ाोर)

श्री सभापतिः आपने 15 मिनट कासमय ले यिला हे इसलिये आप कृपया अब बैठ जाएं।

श्री दीपचन्द भाटियांः सभापति महोदय, अभी तो मैं कुछ बोला ही नहीं हू। मैं कह रहा था कि वहां पर इंडस्ट्रियल एरिया है। लेकिन उस स्थान पर केवल एक ही थाना है। इससिलये मेरी सरकार से प्रार्थना है कि वहां पर कई थाने होने चाहिये ओर एस0एस0पी0 के साथ एक पुलिस कमि नर भी होना चाहिये। मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि जिस प्रकार से देहली के अनदर पुलिस कमि नर है उसी प्रकार से फरीदाबाद से अन्दर भी होना चाहिये।

चेयरमैन साहब लेबर एंड एम्पलायमैंट के बारे में आपके जरिये मैं मिनिस्टर साहब से एक रिकवेस्ट करूंगा कि इनका यह काम नहीं है कि किसी फैक्टरी के गेट पर चले जाये और वहां जाकरेलेबरको यह कहे कि आपको यह बात मननी पडेगी, अगर नही मानी तो मैं आपको सस्पैंड करा दूंगा। यह बात अच्छी नहीं है। ईस्ट इंडिया काटन फैक्टरी के गेट पर जाकर मिनिस्टर साहब यह धमकी दें, यह बहुत ही गलत बात है। (घंटी)

श्री सभापतिः अब कैप्टन मांगे राम जी बोलेगें।

श्री दीपचन्द भाटिया: इसके अलावा मैं चौधरी भजन लाल जी का एक बात के लिये धन्यवाद करना चाहता हूं। (व्यवधान एवं भाोर)

श्री सभापति: आपका समय हो गया है, अब आप बैठिये। अब कैप्टन मांगे राम जी बोलेंगे।

वाक आउट

चौधरी संत कंवर: चेयरमैन साहब, आप हमें चूंकि समय नहीं दे रहे हे इसलिये हम प्रोटैस्ट के तौर पर वाक–आउट करते हैं। लेाक दल का नम्बर होने के बावजूद आप दूसरी तरफ वालों का समय दे रहे है। इसका मतलब हे कि आप जानबूझकर 2–3 मैंबर्ज उनके एक साथ बुलावाना चाहते है। हम वाक आउट कर रहे है।

(इस समय सर्वश्री संत कंवर और भले राम सदन से वाक–आउट कर गये)

वर्श 1981–82 के बजट की डिमांडज फार ग्रांटस पर चर्चा तथा मतदान (पुनरारम्भ)

कैप्टन मांगे राम (झज्जर, अनुसूचित जाति): चेयरमैन साहब, मेरे हलके में पिछले साल फलड की वजह से बहुत तबाही हुई जिसकी वजह से 10–15 गांव बिल्कुल ही तबाह हो गये ाऔर वहां पर भिंडावास लेक भी बनाई गयी है। फलड आने के बाद

मौजूदा सरकार ने बहुत अच्छे कदम उठाये और काफी मदद की, सरकार उसकेलिये बधाइ की पात्र है। ऐसे ही मैं अब रोडज की बाबत कहना चाहता हूं कि एक सलौधा टू दादलपूर रोड लिंि कबनाने के लिये वायदा किया गयाथा और यह कहा गया था कि यह रोड 31 मार्च तक बन जायेगी लेकिन डुप्लीकेसी की वजह से अब उसे बनाया जा रहा है। मेरा कहना यह है कि इस जल्दी से जल्दी बनाया जाना चाहिये। इसके अलावा झज्जर कांस्टीच्युएंसी में एक झज्जर टू छुछकवास वाया तालाब सडक बननी थी जो कि झगडे वजह से रूकी पडी है और अभी भी इन्कम्पलीट पडी हैं मैं मंत्री महोदय से यह रिकवेस्ट करूंगा कि इस झगडे का जल्दी निपटा कर इसे जल्दी से जल्दी बनवाया जाये। मैं इस बात के लिये अपने मुख्य मंत्री महोदय का बडा ही धन्यवादी हूं कि उनहोने मेरे यहां एच0ए0पी0 का ट्रेनिंग सैंटर चलाने का ऐलान किया है। पुलिस के महकमें के लिय काफी पैसा रखा गयाहै। मैं अपनी सरकार को यह बताना चाहता हूं कि मेरे झज्जर सब–डिवीजन के अन्दर थाने की बिल्डिंग बिल्कूल तबाह हो चुकी है , कत्ल के मुजरिम भी बेरी के थाने में जाते है। मैं चाहूंगा कि झज्जर के थाने की बिल्डिंग और पुलिसवालों के रहने के लिये क्वार्टर जल्दी से जल्दी तेयार किये जाये। इसके अलावा झज्जर के हायर सैकण्डरी स्कूल की बिल्डिंग के बारे में भी मैं प्रार्थना करूंगा कि वह भी जल्दी से जल्दी तेयार होनी चाहिये। इसके बाद मैं पब्लिक हैल्थ के बारे मे कुछ कहना चाहता हूं हमारे आनरेबल मंत्री जी यहां पर बैठे हुये है। मैं मानता हूं कि इन्होनें मंत्री पद संभालने

के बाद मेरे हल्के में काफी काम किया है लेकिन मैं यह चाहता हू कि मेरे हल्के में जिन गांवों में वाटर सप्लाई स्कीम के लिये काम हो रहाहै वह बडी ढीली रफतार से हो रहा हे जो तेजी से होनाचाहिये। मेरे हल्के में गुडियानी एक गांव है, वहांपर खारा पानी है और लोगों को दूर–2 से पानी पीने के लिये लाना पडता है। मैं चाहुंगा कि वहां पर जल्दी से जल्दी वाटर सप्लाई का काम किया जाये। इसी तरह से खुड्डर और सूराह में भी वाटर सप्लाई स्कीम पर जल्दी से जल्दी काम करवा कर इनको मुकम्मल करवाया जाना चाहिये ताकि वहां के लोगों को पीने के लिये पानी मिल सके।

इसके बाद मैं अब एनीमल हस्बैंडरी के बारे में कुछ कहना चाहताहूं।सभी लोग यह कहते है दे ाों में दे ा हरियाणा जहां दूध दही का खाना। इस डिपार्टमेंट ने इस दि ाा में बहुत काम यिकाहै। पिछले साल 100 डिस्पैंसरियां, 100 स्टाकमैन सैंटर और 20 हस्पताल अपग्रेड किये गये थे। इस साल 1981–82 मैं 50 डिस्पैंसरियां और 25 डिस्पैंसरियों/प ाुपालन केन्द्रो का स्तर बढाकर उन्हे हस्पताल प्रजनन केन्द्र बनाने का प्रस्ताव किया है और इस काम के लिये इनहोने 2 करोड रूपये रखे है। इससे कुछ बनने वाला नहीं है। अच्छा हेाता अगर इस काम को कम से कम डयोढ़ा कर दिया जाता। में चाहता हूं कि मुख्य मंत्री जी इस महकमे के लिये 2 करोड रूपयाऔर दें ओर इस काम को डयोढ़ा करवायें ताकि प ाुपालन को बढावा मिल सके। आपको पता है

कि गरीब आदमी, मजदूर ओर किसानों के लिये प ाुपालना ही सबसे अच्छा और सस्ता पे ाा है। प ाु तो कोई भी दुकानदार, गरीब हरिजन, किसान या मजदूर पाल सकता है। और अपनी रोजी–रोटी चला सकता है। मैं इसके लिये अपने मंत्री चौधरी ि ाव राम वर्मा और डायरेक्टर, एनीमन हस्बैंडरी का बहुत धन्यवादी हूं कि उन्होने काफी काम किया है। अब यह रफतार ढीली हो गयी है। लेकिन मैं चाहता हूं कि इसे और तेज कर दिया जाये। यह कात बहूत ही तेजी से होना चाहिये।

अब मैं ट्रांसपोर्ट के बारे में कहना चाहूंगा। पिछली बार 200 के करीब नई बसें आयी थी, जिनमें से 3–4 बसें हमारे झज्जर के इलाके को भी दी गयी है लेकिन ये कम है। मैं आपके जरिये ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर साहब से यह रिकवैस्ट करूंगा कि मेरे हल्के में गांवों को और जादा ट्रांसपोर्ट की सुविधा देने के लिये 5–6 बसें नयी और दी जाये। झज्जर टू ढासाकी एक बस भााम को 6 बजें चलनी चाहिये ताकि जो सैंट्रल गवर्नमेंट के एम्पलाईज दूर–दूर से आते है, आने घरों में पहुंच सके और बाल–बच्चों के साथ रह सकें। वहां से सैंट्रल गवर्नमेंट के काफी मुलाजिम आते जाते है। इसलिय मैं प्रार्थना करूंगा कि वहां से यह बस अव य ही लगायी जानी चाहिये। पहले यहां से एक बस जाती थी लेकिन 1977 में यह डिस–कन्टीन्यू कर दी गयी। मैने सी0एम0 साहब को भी रिकवैस्ट की थी कि चंडीगढ से साल्हावास और झज्जर की तरफ एक स्पै ाल बस चलवायी जाये। इसके लिये उन्होने वायदा

भी किया था कि वे चलावायेगे। इसके अलावा एक बस ढासा बौर्डर से झज्जर वाया बादली चलनी चाहिये। तथा झज्जर से सिकन्दरपूर वाया उखलचाना जो बसें आती जाती हैं उनकी सर्विस बढायी जानी चाहिये ताकि वाहं के लोगौ को आने जाने में आसानी हो सकै। (व्यवधान एवं भाोर) मैं ट्रांसपोर्ट मिनिसटर साहब का धन्यावादी हूं कि इन्होने मेरे हल्के में काफी बसें चलवाने का वायदा किया है। (व्यवधान एवं भाोर) झज्जर से ढांसा बोर्डर वाया बादली बस चलाना उन्होने पहले ही मान लियाहै ओर चंडीगढ़ से झज्जर तक चलाने का वायदा किया हुआ है।

इसके अलावा अब मैं डिमान्ड नं0 7 जो अदर एउमिनिस्ट्रेटिव सर्विसिज के बारे में है, कुछ कहना चाहताहूं । मुझे पता चला है कि एच0सी0एस0 का नौमीनेशन सन 1966 से आज तक लगभग 100 आदमियों का हो चुका है लेकिन उनमें सिर्फ 2 आदमी ही ि ाडयूल्ड कास्टस लिये गये है। इसलिये मैं अपने मुख्य मंत्री महोदय से यह प्रार्थना कंरूगा कि नोमीने ान के मामले में ि ाडयूल्ड कास्टस और बैकवर्ड क्लासिज का रिजर्वे ान का ध्यान रखे और पूरा करे। पुलिस के बारे में मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि जो मर्डर या रेप के केसिज है यह ज्यादातर वीकर सैक ान्ज के साथ ही होते है। इसलिये मैं प्रार्थना करूंगा कि कांस्टेबल ओर ए0एस0आईज0 की स्पै ाल रिक्रूरमैंट की जाये क्योकि इनमें हरिजनों और बैकवर्ड क्लासिज के लोगों की कमी है उसको पूरा यिका जाये ताकि उन लोगो ंको एफ0आई0आर0 दर्ज

करवाने में सूविधा हो सके और आसानी से एफ0आई0आर0 लिखी जा सके। इसके बाद मैं इन्डस्ट्रीज के बारे में दो मिनट बोलना चाहूंगा। 4000 के करीब गांवों में छोटी–2 इकांइयां लगी है जिनके अन्दर पेपर, मोम या दूसरा रा–मैटीरियल अवेलेबल करवाया जाता हैं मे ंसरकार से प्रार्थना करूंगाकि जिसतरह से गुडगांव और फरीदाबाद को पिछडा हुआ क्षेत्र घोशित किया हुआ है उसी तरह से झज्जर सिरसा, नारायणगढ़ और हिसार का कुछ इलाका भी भारत सरकारसे जल्द से जल्दी इन्डस्ट्रीली बैकवर्ड एरिया डिक्लेयर करवाया जाये ताकि वहां पर भी जल्दी से जल्दी कारखाने लग सके, रेलवे लाईन आये और बेरोजगारी का मसला खत्म हो। अन्त में मैं अपनी सरकार को मुबारिकबाद देते हुये आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने के लिये टाईम दिया और अपना स्थान लेता हू।

श्री भले राम (बड़ौदा अनुसूचित जाति): चेयरमेन साहब, मैं डिमान्ड नम्बर 13 मो ान वैलफेयर एंड रिहैबिलिटे ान, डिमान्ड नम्बर 16 इन्डस्ट्रीज, डिमान्ड नम्बर 8 बिल्डिंग्ज एंड रोडज डिमान्ड नम्बर 20 फौरेस्ट के सम्बन्ध में बोलनाचाहता हूं । डिमान्ड नं0 13 में सरकार ने सात करोड रूपया रखा हे और दावा किया है कि वीकर सैक ान के लिये और वि ोशकर हरिजनों के लिये ऐजुके ानली इकोनोमिकली और सो ाली तौर पर बहुत कुछ किया जायेगां चेयरमेन साहब, मैं हाउस की जानकारी के लिये बताना चाहता हूं कि प्लानिंग कमि ान का एक वर्किंग ग्रूप आया

था और उस ग्रुप ने रिकमैंडे ान भेजी थी कि हरिजन बच्चों की ि ाक्षा के क्षेत्र में मदद की जाये। 1979 में सरकार ने उस रिकमैडे ान के आधार पर पांच लाख रूपया हरिजन बच्चों के लिए स्याही, किताबें और दवातें खरीदने के लिए रखे ओर प्रत्येक बच्चे को वैलफेयर के नाम पर पांच पांच रूपए दिए। मैं इस सरकार से पूछना चाहता हूं कि पांच रूपए के नोट में यह बच्चा किस तरह से दवात खरीद सकता है, किताब खरीद सकता है। यह उने साथ मजाक नही तो और क्या है। चेयरमैन साहब, सरकार ने एक और स्कीम हरिजन विडोज के लिए भाुरू की। सरकार ने कहा कि जो हरिजन विडोज हैं, जिनके कई बच्चो हैं उनको ट्रेनिंग देने के लिए सैन्ट्र्ज खेल रखे हैं। चेयरमैन साहब, सरकार ने प्रत्येक विडो को बीस रूपये वजीफा दिया। आप बताएं कि बसी रूपए में बाल बच्चों वाली कैस गुजारा कर सकती है ? कई सैन्टर्ज तो दस पन्द्रह किलोमीटर दूर हैं। इसके लिए सरकार ने चार लाख रूपया रखा था। चेयरमैन साहब, उस विडो को उस सैन्टर में आठ घंटे रोजना काम करना पड़ता है और उसको केवल 67 पैस रोजनान दिया जाते हैं। यह हरिजनों के साथ सिर्फ एक मजाक ही है। चेयरमैन साहब, सरकार ने घोशणा की थी कि हरिजन विद्यार्थियों को वजीफा दिया जाएगा। मैं सदन को बताना चाहता हूं कि एक साल हो गया, पोस्ट मैट्रिक किसी भी विद्यार्थी को वजीफा नहीं मिला है। सरकार कहती है कि हमारे पास पैसा नहीं है, अगल साल में वजीफे की रकम देंगे। यह रिकार्ड की बात है। किसी भी कालिज के विद्यार्थी को आज तक स्टाईपैंड नहीं

मिला है लेकिन यह सरकार कहती है कि हम हरिजनों का उत्थान करना चाहते हैं। चेयरमैन साहब, स्वीपर को तीन सौ रूपया ग्रान्ट और आठ सौ रूपया कर्जा देंगे लेकिन पिछले साल भी इस स्कीम में रूपया लैप्स हुआ। चेयरमैन साहब, कोई भी स्वीपर कर्जा नहीं लेना चाहता। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि यह स्कीम सभी हरिजनों को, चाहे स्वीपर है, चाहे धानक है, सब के लिए होनी चाहिए, किसी पर्टिकुलर कम्युनिटी के लिए नहीं होनी चाहिए।

चेयरमैन साहब, पहले एक स्कीम चालू थी। इस स्कीम के अन्दर कोई भी जो सूअर लेना चाहता था उसको आठ सौ रूपया कर्जा मिलता था लेकिन सरकार ने इसको पिछले साल बन्द कर दिया। जब हमने काफी भाोर मचाया और सरकार से मांग की कि वह स्कीम चालू रहनी चाहिए तो गवर्नमैंट मान गई। इस स्कीम के अन्डर यह है कि जो तीन सूअर लेना चाहे उसको तीन हजार रूपया ग्रान्ट दी जाएगी और चार हजार रूपये बैंक से लोन दिलाया जाएगार। जो भैंस लेना चाहे उसको दो हजार रूपया ग्रान्ट और चार हजार रूपया कर्जा बैंक से दिलाया जाएगा। जो भेड़ लेना चाहे उसको एक हजार रूपया ग्रांट और दो हजार रूपया कर्जा दिया जाएगा। चेयरमैन साहब, इस स्कीम के लिए सरकार ने केवल सात लाख रूपया रखा है। हरियाणा के अन्दर हरिजनों की लगभग तीस लाख की आबादी है। इतने पैसे से सिर्फ बीस तीस आदमियों का ही फायदा हो सकता है। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि भैंस, सूअर और भेड़ बकरी खरीदने के लिए कर्जा

देने की रा ि ा बढ़ाई जानी चाहिए। सरकार पहले बगैर ब्याज के कर्जा दिया करती थी लेकिन मैंने पढ़ा है कि इस साल इस काम के लिए पैसा नहीं रखा है। सरकार को इस काम के लिए पैसा रखना चाहिए और हरिजनों की मदद करनी चाहिए।

चेयरमैन साहब, सरकार ने ऐलान किया है कि वह 31 मार्च तक हरिजनों में जमीन बांट देगीं। मैं कहना चाहता हूं कि सरकार हरिजनों को जमींदारों के साथ लड़ाना चाहती है। सरकार के पास कस्टोडियन की जमीन पड़ी है, नहर के साथ साथ जमीन पड़ी है और नजूल जमीन पड़ी है। अगर सरकार वाकई हरिजनों को जमीन देना चाहती है, उनका कुछ भला करना चाहता है तो वह इस जमीन में से कुछ जमीन हरिजनों को दे सकती है। लेकिन इस सरकार की नीयत हरिजनों को जमीन देने की है ही नहीं। यह तो हरिजनों को जमींदारों से लड़ाना चाहती है। चेयरमैन साहब, ढानी रामरा में सरदार कैंरो के लड़के ने साठ फैमिलीज को वैलफेयर डिपार्टमैंट के थ्रू सरप्लस जीमन पर बसाया था और उनको दो हजार रूपया फी फैमिली के हिसाब से ग्रांट दी थी। बैंक की कि तें भी पूरी हो गई हैं लेकिन उनको आज तक उस जमीन का मालिक नहीं बनाया है। डी.सी. कहता है कि यह जमीन जिस पउ उनको बसाया गया है, सरप्लस जमीन है। दूसरी तरफ सरकार कह रही है कि 31 मार्च तक सब हरिजनों को जजमीन दे दी जाएगी। चेयरमैन साहब मैं एक बात और बताना चाहता हूं कि कोसली तहसील में खेडीनंगल गांव है। वहां पर

170 किल्ले जमीन कस्टोडियन की है जिसको ि ाड्यूल्ड कास्ट्स के लोग का त कर रहे हैं। वे लोग 25–30 साल से का त कर रहे है लेकिन अब सरकार कहती है कि उसको सेल कर दो। मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि वे लोग कहां जाएंगे। एक तरफ सरकार जमीन देने वाली बात करती है और दूसरी तरफ कस्टोडियन की जमीन, नहर के पास की जमीन, नजूल लैंड सरकार उसको नहीं देना चाहती। चेयरमैन साहब, यह सरकार हरिजनों को सो ाली ऊपर उठाना चाहती है। चेयरमैन साहब, हरिजन भाई उसी तरीके से ऊपर उठ सकते हैं जो चौधरी चरण सिंह ने बताया था। उन्होंने कहा था कि जात पात की बात खत्म करो और इंटरकास्ट मैरिज करो। जो इंटरकास्ट मैरिज करे उसको गजेटिड या नान गजेटिड नौकरी में लेना चाहिए। उन्होंने स्वर्गीय श्री जवाहर लाल नेहरू को चिट्ठी लिखी थी और श्रीमति इन्दिरा गांधी को भी चिट्ठी लिखी थी जिसमें कहा था कि अगर आप मेरी इन्टरकास्ट मैरिज वाली बात को मान लें तो मैं सियासत से अलग हो जाऊंगा। चेयरमैन साहब, पढ़े लिखे लोग दफ्तरों में छूआछूत करते हैं। रोजाना बाहर नारे लगाए जाते हैं .....

श्री फतेह चन्द विजः चेयरमैन साहब, हाउस में कोरम नहीं है। (विघ्न) आप देख लीजिए कि कोरम नहीं है।

(इस समय कोरम के लिए घंटी बजाई गइ तथा कोरम हो गया)

श्री भले रामः चेयरमैन साहब, लाइनिंग सर्कल नं 23 में एक एक्स.इ.एन. मि. खुराना है। उसने एक एस.डी.ओ. को चमार ढेढ़ कहा लेकिन उसके खिलाफ कोई एक ान नहीं लिया गया। यह बात चीफ मिनिस्टर के नोटिस में भी है। अब मैं पब्लिक हैल्थ के बारे में कहना चाहता हूं। मेरे हल्के में बनवास गांव है। वहां पर लोगों ने बीस हजार रूपय पब्लिक हैल्थ सैन्टर खोलने के लिए जमा करवा रखा है लेकिन सरकार ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया है। मैं आपके द्वारा सरकार से कहना चाहता हूं कि सरकार इस तरफ ध्यान दें इन ल्फजों के साथ मैं खत्म करता हूं और इन डिमांड्ज का विरोध करता हूं।

री फतेह चन्द विज (पानीपत): चेयरमैन साहब, मैं आपका बहुत धन्यवादी हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। जब से यह सै ान चला है, उसी दिन से ये ढिढ़ोरा पीटा जा रहा है कि 31 मार्च, 1981 तक हरियाणा में सभी गांवों को पक्की सड़कों से मिला दिया जाएगा। इस बारे में राज्यपाल महोदय के अभिभाशण पर बोलते हुए मुख्य मंत्री महोदय ने भी कहा था कि 31 मार्च तक यह काम पूरा हो जाएगा लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि तहसील पानीपत के कुछेक गांव रानामाजरा, बेसिनगढ़ी, पत्थरगढ़, नवादा, जलालपुर, के ाोपुर और नगला खेड़ी वगैरह कई गांव जो यू.पी. से, हरियाणा बनने के बाद, 1961 में इधर भाामिल हुए थे, तब से इन गांवों के अन्दर सड़कें नहीं है। अब यह कहा जा रहा है कि ईटें नहीं है, मिट्टी नहीं है। ये

गांव कंवर राम पाल सिंह, लोक निर्माण मंत्री जी के हल्के के साथ लगते हैं। अतः मेरी सरकार से प्रार्थना है कि इस तरफ जल्दी ध्यान दिया जाए।

चेयरमैन साहब, अब मैं पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंअ के मुताल्लिक कुछके बातें कहना चाहता हूं। वह दिन हरियाणा प्रान्त के लिए एक स्याह दिन था जब म्युनिसिपल कमेटियों से सीवरेज और पानी का सारा प्रबन्ध लेकर पब्लिक वर्कस विभाग के अन्डर कर दिया गया था क्योंकि खर्चा तो सारा करे म्युनिसिपल कमेटियां और पानी और सीवरेज का सारा ध्यान पब्लिक वर्कस विभाग करे, यह कोई उचित प्रतीत नहीं होता। (इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए) डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपको बताना चाहता हूं कि पानीपत भाहर के लिए 95 लाख रूपये की एक मास्टर स्कीम बनाई गई थी। पब्लिक हैल्थ विभाग वालों ने उसमें से केवल साढ़े पांच लाख रूपये का काम 5 सालों में किया। आप इससे अन्दाजा लगा सकत हैं कि 95 लाख रूपये का जो काम है, वह कितने सालों में यह विभाग कर पायेगा। उपाध्यक्ष महोदय, वहां पर नालियों की हालत भी बहुत खराब है। वहां की आबादी इस समय 1 लाख 30 हजार के करीब है, पब्लिक हैन्थ डिपार्टमैंट वालों के ध्यान न देने के कारण वह नालियां हर समय टूटी रहती हैं और गन्दा पीन बिखरा रहता है। डिप्टी स्पीकर साहब, आप भी वहां पर आते जाते हैं, आपने भी देखा होगा कि भाहर के चारों तरफ गन्दे पानी का जौहड है जिसमे गन्दगी बहुत है। इसके

इलावा इन नालियों का गंदा पानी सड़कों पर आता है और घरों में दाखिल हो जाता है। इसके अलावा इन नालियों का गंदा पानी सड़कों पर आता है और घरों में दाखिल हो जाता है। इसलिए सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। अगर इसी तरह से विभाग काम करता रहा तो आप हिसाब लगा लीजिये कि अगर 5, या साढ़े 5 साल रूपये का काम पांच सालों में होगा तो 95 लाख का मास्टर प्लान कब जाकर पूरा होगा ?

श्री उपाध्यक्षः विज साहब, वहां पर आजकल भी पानी भर रहा है।

श्री फतेह चन्द विजः हां जी, आप ठीक फरमा रहे हैं। मैं सरकार को एक सुझाव दूंगा कि इस भाहर को जिसकी आबादी 1 लाख 30 हजार के करीब है, इसका एक बड़ा इंडस्ट्रीयल एरिया है जिसमें से हर साल करीब 50 लाख रूपये का माल तैयार होकर बाहर जाता है, यहां पर पब्लिक हैल्थ का एक सब डिवीजन बनाया जाए। अगर इस मास्टार प्लान को चार पांच सालों के अन्दर अन्दर पूरा कर दे ंतो इस विभाग का काम ठीक हो सकता है नही ंतो यह काम म्युनिसिपल कमैटी को सौंप देना चाहिए। यह विभाग अगर इस मास्टर प्लान को इम्पलीमैंट करने में असमर्थ है तो वह सरकार को लिखे कि वे इस काम को नहीं कर सकते, इसलिऐ इस काम को दोबारा कमेटी को ही सौंप दिया जाए। म्युनिसिपल कमेटियों के साथ सरकार को कोई ताल्लुक नहीं होना चाहिए। पहले यह होता था कि म्युनिसिपल कमि नर्ज 15–20 के

करीब होते थे और वे लोगों को दिक्कतों को सुनते थे। लोग जब उनके पास अपनी दिक्कतें लेकर जाते थे तो वे सुनते थे। अगर नहीं सुनते थे तो लोग उनके घरों में सियापा करते थे, तब कमि ानर्ज वगैरह उसी वक्त उठकर एडमिनिस्ट्रेटर के गले पड़ते थे और उसी वक्त लोगों के सभी काम पूरे हो जाया करते थे। आजकल यह होता है कि जब पब्लिक हैल्थ विभाग वालों के पास लोग जाते हैं तो वे कहते हैं कि काम कैसे होगा, म्युनिसिपल कमेटी ने पैसे जमा नहीं करवाये हैं। जब म्युनिसिपल कमेटी से पूछते हैं तो वे कहते हैं कि हमने तो पैस जमा करवा दिये हैं, पब्लिक हैल्थ वाले ही काम नहीं करवा रहे।

डिप्टी स्पीकर साहब, अब मैं ट्रान्सपोर्ट के सम्बन्ध में कुछेक बातें कहना चाहता हूं, जिसकी तरफ सरकार को अव य ध्यान देना चाहिए। एक क्वै चन के जवाब में बताया गया कि स्कूल के बच्चों को स्कूल ले जाने ओर लाने के लिए सभी सुविधाएं सरकार की तरफ से दी जाती हैं लेकिन डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपको बताना चाहता हूं, आप ने भी कभी बसों में सफर किया होगा, जब बच्चे अपने घरों से आकर बस स्टेन्ड्ज पर खड़े होते हैं और बस को देखकर कर जब वे हाथ देते है, तो बस वाले बस नहीं रोकते। अगर कोई सवीर न हो तो बस खड़ी नहीं करते और अगर बदकिस्मती से कोई सवारी हो भी, तो वे सवीर को चढाकर एक दम बस को चला देते हैं और बच्चों को कहते हैं कि पीछे हटो। इसका असर यह होता है कि बच्चों की

पढ़ाई खराब हो जाती हैं। कंडक्टर वगैरह बच्चों को थप्पड़ दिखकर पीछे कर देते हैं। बच्चे दो दो तीन तीन मली इधर उधर फिर कर घर जाते हैं और इस तरह से अपने स्कूल का समय पूरा करते हैं क्योंकि अगर टाईम से पहले घर जाएं तो माता पिता मारते हैं। बस न मिलने की वजह से वे स्कूल नहीं पहुंच पाते। इसलिये सरकार को इस तरफ खास तवज्जो देनी चाहिए। या तो सरकार यह कह दे कि हम इस तरह की कोई ीाी सहूलियतें बच्चों को नहीं देना चाहते और अगर देना चाहते हैं तो इसकी इम्पलीमैंटे ान पूरी तरह हो।

इसके साथ साथ मैं हैल्थ पर थोड़ी सी रो ानी और डालना चाहता हूं। कई साल पहले अम्बाला जिला में पीलिया की बीमारी फैली थी जिससे लोगों को काफी परे ानी हुई थी और कई मौतें भी हुई थी। अब इसी तरह से पानीपत में भी ऐसे केसिज पाये गये हैं, अतः सरकार को इस तरफ खास तवज्जो देनी चाहिए ओर सरकार को इसकी इंकवायरी भी करानी चाहिए कि इस रोग की रोकथाम क्यों नहीं की गइ।

इसके बाद मैं इंडस्ट्रीज के बारे में भी जिकर करना चाहता हूं। मैंने पहले भी कहा था कि पानीपत एक इंडस्ट्रीयल टाउन है ओर वहां से 50 करोड़ रूपये का माल तैयार होकर बाहर जाता है। यह बिजनैस ऐसा है जिस में एक कारीगर तीन दिन के लिए एक खड्डी पर काम करता है और अगले चार दिन वह दूसरी खड्डी पर चला जाता है क्योंकि हर कारीगर एक ही खड्डी पर

नहीं रह सकता है। ई.एस.आई. स्कीम के तहत उन्हें फैसिलिटीज मिलती है कि हर एक कारीगर को हर जगह पर कम्पलसरी डिपोजिट्स जमा करवाना है। अगर एक कारीगर तीन दिन एक जगह काम करेगा और अगले चार दिन कहीं और जगह काम करेगा तो उसे जो फैसिलिटीज मिली हुई है उसका वह फायदा नहीं उठा सकता लेकिन उसको डिपोजिट के लिए मजबूर किया जाता है। इसलिए मेरी सरकार से यह दरखास्त है कि यह जो ई. एस.आई. के तहत कम्पलसरी डिपाजिट की पाबन्दी है, वह हटाई जानी चाहिए। ऐसे केसिज में इस तरह की छूट होनी चाहिए। धन्यवाद।

चौधरी गया लाल (हसनपुर, अनुसूचित जाति): उपाध्यक्ष महोदय, मैं डिमांड नं. 8, 10, 12, 16 और 23 पर बोलना चाहता हूं। उपाध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार ने 31 मार्च तक पूरे प्रदे ा में सड़कें बनाने का जो लक्ष्य रखा था वह पूरा कर लिया है। परन्तु ऐसे गांव रह गये हैं जो रैवैन्यू रिकार्ड में नहीं थे ओर उनकी आबादी भी काफी हो गई है। किसी की आबादी तीन सौ हे, किसी की चार पांच सौ है और किसी की हजार तक भी है और अब उन गांवों मैं पंचायतें भी बनी हुई हैं। जो अढ़ाई सौ की आबादी वाले गांव थे उनको अब सरकार ने सड़कें बनाने के लिए टेक अप कर लिया है। इसके इलावा पहाड़ी क्षेत्र में जो डेढ़ सौ की आबादी वाले गां थे उनको भी कवर कर लिया ळै, इसके लिए मैं सरकार को बधाई देता हूं। पहले भी लोग सड़कों कसे वंचित

थे अब वे भी इस स्कीम के तहत कवर हो जाएंगे। इस महकमे के मंत्री जी बैठे हुए हैं मैं उनके नोटिस में फिर यह बात लाना चाहता हूं कि मेरे विधान सभा क्षेत्र में, आगरा कैनाल से एक दसधरा नाम का नाला निकलता है। उस पर दो पुल बनाने के लिए आज से दो साल पहले मंजूरी हो चुकी है लेकिन बड़े दु:ख की बात है कि वे दोनों पुलों के न बनने की वजह से करोड़ों रूपया सरकार का बेकार हुआ पड़ा है क्योंकि लोगौं को इधर से उधर आने जाने की सुविधा नहीं है। मेरे क्षेत्र की काफी आबादी दोनों साइड की रोडज को कवर करती है और पुल न होने की वजह से सारे क्षेत्र को बहुत तकलीफ है। इस बारे में मैं मंत्री जी से मिलता भी रहता हूं लेकिन वे सिफ एक बात कह कर टाल देते हैं कि यह दूसरे प्रान्त का नाला हैं मैं जानना चाहता हूं कि उजीना डाइव र्न ड्रेन जो हमारी सरकार ने बनाई है, उस ड्रेंन पर 15–20 पुल हमारी सरकार ने बनाए हैं। वे पुल रजबाहों पर हैं या आगरा कैनाल पर है। तो मुझे समझा नहीं आती कि इन दोनों पुलों को सरकार क्यों नहीं बनवाती। मंजूरी तो दो साल से हुई पडत्री है लेकिन पुल बनाये नहीं जा रहे हैं। मैं मंत्री जी से कहूंगा कि दोनों प्रदे ाों की सरकारें बातचीत करके इन पुलों को भीघ्र बनवाएं।

अब मैं डिमांड नं. 16 जो स्वास्थ्य के बारे में है, पर बोलना चाहता हूं। मेरे विधान सभा क्षेत्र में एक बड़ोली गांव है जिसकी आबादी लगभग 12 हजार की है लेकिन अभी तक इतने

बड़े गांव में चिकित्सा को कोई भी साधन नहीं है। मेरी रिकवैस्ट परएक चौपाल में एक छोटी सी डिस्पैंसरी खोली गई थी जिसमें एक कम्पाउंडर ही काम कर रहा है। इतने बड़े गांव के लिए वह न काफी है। उस गांव के इर्द गिर्द भी चिकित्सा का कोई साधन नहीं है। इस समय हैल्थ मिनिस्टर साहब तो यहां बैठे नहीं हैं, दूसरे मंत्री उनको बता दें कि बड़ौली और बडूखी दो बड़े बड़े गांव हैं जिनमें चिकित्सा को कोई साधन नहीं है। वहां पर कोई डिस्पैंसरी नहीं है। इसके साथ साथ मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि पिछले वर्श मुख्य मंत्री जी ने होडल में एक हस्पताल बनाना माना था और उसका पत्थर भी रख दिया था लेकिन अभी तक वहां काम भुरू नहीं हुआ। होडल के इर्द गिर्द भी काफी आबादी है और इतने बड़े कस्बे में केवल एक डिस्पैंसरी है जिसमें एक डाक्टर और एक कम्पाउंडर है। वहां पर हस्पताल बनाने के लिए महकमे को जमीन भी मिल चुकी है। मैं मंत्री जी को कहना चाहता हूं कि वे अपने जवाब में बताएं कि इस वर्श वह हस्पताल बनना भुरू हो जाएगा या ओर देर लगेगी ?

अब मैं डिमंड नं. 12 जो श्रम और रोजगार के बारे में है, पर बोलना चाहा हूं। उपाध्यक्ष महोदय, इस बारे में कल स्वामी अग्निवे ा जी ने भी चर्चा की थी कि ये जो भट्ठे के मजदूर होते हैं जिनको पथेरे, नक ी वाले या ढुलाई वाले कहा जाता है, इनकी मजदूरी बहुत थोड़ी है। ये भट्ठा मालिक से जो पैसा लेते हैं उसको सारा साल काम करने के बाद भी नहीं उतार पाते। वह

मजदूर खुद काम करता है, उसकी औरत और बच्चे भी उसके साथ काम करते है। वे लोग उस टाइम पर मिट्टी गूंधते हैं जिस समय कड़कती सर्दी होती है। उस वक्त आदमी पानी में खड़ा नहीं हो सकता लेकिन फिर भी उनकी बहुत थोड़ी मजदूरी हैं। श्रम विभाग के अधिकारी और मंत्री जी यह क्यों नहीं सोचते कि सारे परिवार की कमाई के बावजूद भी उनका यह पैसा क्यों नहीं उतरता ? इस तरफ सरकार नहीं देखती और जवाब यह मिलता है कि भट्ठा मालिक उनको जाने नहीं देते जबकि असली बात यह है, जैसे स्वामी जी ने कहा था कि उनको बन्धुआ मजदूर बना कर रखा जाता है। जब तक मजदूर उनको पैसा नहीं देते तब तक वे उनको जाने नहीं देते। श्रम मंत्री जी बैठे हैं और विभाग के अधिकारागण भी बैठे हैं। वे इस बात पर विचार करें कि वे यह पैसा सिक वजह से नहीं उतार पातै। उनकी मजदूरी क्या है, यह बड़े ताज्जुब की बात हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि हमारे साथी प्रदे ा में जो हमारे कुनबे में से ही है, वहां 22.33 रू. एक हजार ईंटे की पथाई का रेट है और हरियाणा में 17.30 रू. है। तो यह कितना भाोशण है मजदूरों का ? फिर इस महकमे के मंत्री या अधिकारी इस बात को क्यों नहीं सोचते ? उनका मजदूर की तरफ पूरी तरह से ख्याल नहीं है। जब हर चीज का रेट पंजाब और हरियाणा में एक है यानी आटा भी उसी रेट पर मिलता है और कपड़ा भी उसी रेट पर मिलता है तो मजदूरों के रेट क्यों बराबर नहीं किये जाते ? (घंटी) डिप्टी स्पीकर साहब, मैं अभी

खत्म करता हूं। तो मैं यह चाहता हूं कि हमारे बराबर का जो पंजाब प्रदे ा है, उसके पैट्रन पर ही मजदूरी रखी जाए।

इसके अलावा मैं उद्योग के बारे में आपके माध्यम से एक दो बातें बताना चाहता हूं। सरकार गांवों में उद्योग खोलना चाहती है ओर खोल भी रही हैं। इसके लिए मेरा एक सुझाव है कि जो लड़के बेरोजगार हैं, उनको उद्योग लगाने के लिए सरकार से पैसा तो मिलता है लेकिन जिस उद्योग को वे लगाना चाहते हैं उसमें वे अन ट्रेन्ड होते हैं। अन ट्रेन्ड होने के कारण वे फेल हो जाते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि बैंक टाइम पर पैसा नहीं देता लेकिन उस काम की जानकारी न होने के कारण ही वे फेल हो जाते हैं। मेरा सुझाव हैं कि जिन लड़कों को उद्योग लगाने के लिए पैसा दें उनको पहले ट्रैन्ड यिका जाए। उसके लिए आप आई.टी.आईज. खोलें या कोई और सैंटर खोलें। जिस ट्रेंड को कोई सीख कर निकले उसी ट्रेंड के लिए पैसा देना चाहिए। उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं बस डिपोज के बारे में कहना चाहता हूं। होडल हरियाणा का कस्बा है जहां पर रोजाना 30–35 बसें आ कर रूकती है। मैं मुख्य मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि होडल मेें सब डिपो बनाया जाये। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं जो आपने बोलने का समय दिया।

श्री लहरी सिंह मेहरा (अनुसूचित जाति रादौर): डिप्टी स्पीकर साहब, मैं डिमांड नम्बर 1, 8 10, 16 और 23 पर बोलना चाहूंगा। डिप्टी स्पीकर साहब, सबसे पहले मैं डिमांड नम्बर 8 के

बारे में कहना चाहता हूं। इससे पहले मैं अपने मुख्य मंत्री जी और पी.डब्ल्यू.डी. मिनिस्टर का भाुक्रिया अदा करना चाहता हूं कि उन्होंने इतना अच्छा फैसला लिया कि 31 मार्च तक हरियाणा का हर गांव सड़कों से जोड दिया जाएगा। उन्होंने यह एक बहुत बड़ा काम किया है और इस बात के लिए मैं उनको बधाई देता हूं। डिप्टी स्पीकर साहब, मेरे हल्के रादौर में 90 फीसदी गांव में सड़कें बिल्कुल नहीं बनी हुई थी। यह सिर्फ चौधरी भजन लाल जी की और कंवर राम लाल सिंह जी की मेहरबानी है कि दो चार दिन के बाद सभी गांवों में सड़कें बन जाएंगी। मैं इनका बहुत आभारी हूं। इसके साथ साथ मैं मुख्य मंत्री जी से और पी.डब्ल्यू. डी. मिनिस्टर से एक मांग भी करना चाहता हूं कि एक गांव से दूसरे गांव तक जाने के लिए बहुत से ऐसे लिंक्स हैं जिन से गांव नजदीक पड़ता है। यदि एक गांव से दूसरे गांव में सड़क द्वारा जाना पड़े तो 20 या 30 किलोमीटर का फासला तय करके जाना पड़ता है, लेकिन अगर सीधे जाया जाए तो सिर्फ एक या दो किलोमीटर का फासला तय करना पड़ता है। इसलिए मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि ऐसे लिंक्स को भी बनाया जाए। डिप्टी स्पीकर साहब, 1977 में रादौर से भााहबाद सड़क मंजूर हुई थी। वह सड़क आज तक पूरी नहीं हुई है, उसमें एक या दो किलोमीटर का गैप है। इसलिए मेरी सरकार से रिक्वैसट है कि उस गैप को पूरा किया जाए। इसी प्रकार से मेरे हल्के में धनाणी से सुमारियां और मुहावो से लखमड़ी तथा गुढ़ा से संधार रोड लिंक्स नहीं बने है, इनको जल्दी बनाया जाए। इसके अलावा और

भी काफी लिंक्स हैं जिनको बनाया जाना बहुत ही जरूरी है। डिप्टी स्पीकर साहब, इसके अलावा डिस्ट्रिक्ट कुरूक्षेत्र में एक गांव झागुडी है और डिस्ट्रिक्ट अम्बाला मे एक गांव हापसपुर है। इन दोनों के बीच में सड़क तो बना दी है लेकिन इन दोनों के बीच में से राक्सी नदी और सरस्वती नदी गुजरती हैं। उन पर पुल नहीं बनाया गया है इसलिए उन गांवो में आने जाने का रास्ता नहीं है। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि उन नदियों पर पुल जल्दी से जल्दी बनाया जाए। (इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए) इसी तरह से कालकी रोली रोड पर भी पुल बनना चाहिए। यदि यह पुल बना दिया जाए तो उससे कम से कम 100 गावों को फायदा है। अध्यक्ष महोदय, अब मैं डिमांड नम्बर 10 के बारे में कुछ कहना चाहता हूं जो पब्लिक हैल्थ के बारे में है। अध्यक्ष महोदय, आप भी अच्छी तरह से जानते हैं कि हरियाणा में काफी गांव ऐसे हैं जिनमें पीने का पानी नहीं मिलता।

श्री अध्यक्षः आप वाइंड अप कीजिए।

श्री लहरी सिंह मेहराः अध्यक्ष महोदय, मेरे हल्के में नाथूपूर, सांबोली और प्रितमपुरा ऐसे गांव हैं जिनमें पानी बिल्कुल खारा है। माताएं और बहनें तीन चार मील दूर से पानी लाती है। इसलिए सरकार से मेरी रिक्वैसट है कि इन तीनों गांवों में वाटर सप्लाई स्कीम लागू की जाए। अध्यक्ष महोदय, इसके बाद मैं एक ऐसे जरूरी मसले के बारे में बोलना चाहता हूं जिसके बारे में

किसी भी मैम्बर साहब नेक जिकर नहीं किया। सै ान को चलते हुए लगभग एक महीना होने वाला है।

Mr. Speaker: No matter regarding Vidhan Sabha Secretariat will be raised and this will be raised and this will be expunged.

श्री लहरी सिंह मेहराः ठीक है, जी। अध्यक्ष महोदय, अब मैं मांग नम्बर 23 के बारे में कुछ बातें कहना चाहता हूं। जो ट्रांस्पोर्ट के बारे में हैं। अध्यक्ष महोदय, मेरे हल्के रादौर में कोई भी बस ऐसी नहीं है जिसकी हालत ठीक हो। चलते चलते रास्ते में खड़ी हो जाती है और सवारियों को उनके डैस्टीने ान तक नहीं पहुंचाती है और न ही वहां पर बस अड्डा बना हुआ है। रादौर चारों तरफ सड़कों से मिला हुआ है और हजारों सवारियां इधर उधर जाने के लिए आती है, इसलिए वहां पर बस अड्डा जरूर बनना चाहिए। बस अड्डा न होने के कारण वहां पर बसें भी नहीं रूकती हैं, यदि रूकती भी है तो जो क्यू भौल्टर बनाया हुआ है उससे या तो एक मील पीछे रूकती हैं या फिर एक मील आगे जा कर रूकती हैं। इसलिए मेरी सरकार से रिक्वैस्ट है कि वहां पर बस अड्डा बनाया जाए। इसके अलावा अध्यक्ष महोदय, रादौर में बसें बहुत कम हैं और सड़कें बहुत बन रही है जोकि हिमाचल तक जाती है। जैसे बस कुरूक्षेत्र से बबैन वाया बराड़ा हो कर नाहन जाती ह। इसी तरह से लाडव से हो कर मुस्तबाबाद वाया गजलाना और रादौर से मुस्तबाबाद वाया लखा सिंह खेड़ी तक जाती है। सड़के ंतो बनी हुई है लेकिन बसें बहुत कम हैं। इसलिए

सरकार से मेरी रिक्वैस्ट है कि सरकार इस तरफ ध्यान दे और वहां पर जितनी बसों की आव यकता है उतनी दी जायें। अध्यक्ष महोदय, इसके अलावा मैं सो ाल वैलफेयर और एनीमल हसबैंडरी के बारे में कहना चाहता हूं।

श्री अध्यक्षः आप वाइंड अप कीजिए।

श्री लहरी सिंह मेहराः अध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार ने एनीमल हसबैंडरी के लिए जो पैसा प्रोवाइड यिका है वह बहुत थोड़ा है। इस सरकार ने जो काम प ाुओं के लिए किया है, वह बाबिले तारीफ हैं। पिछले 30 सालों में ऐसा काम किसी भी सरकार ने नहीं किया। इस सरकार ने हर तीसरे और चौथे गांव में स्टोक्समैंन सैंटर्ज और डंगर हस्पताल बनाने के लिए इस साल के बजट में दो करोड रूपए का प्रावधान किया है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने वित्त मंत्री जी से रिक्वैस्ट कयंगा कि जो एनीमल हसबैंडरी के लिए दो करोड़ रूपया दिया गया है यह बहुत थोड़ा है। यह कम से कम 5 करोड़ रूपया होना चाहिए ताकि गांवों में ज्यादा से ज्यादा डिस्पैंसरियां खुल सकें और बीमार प ाुओं को राहत मिल सके।

14.00 बजे

स्पीकर साहब, लास्ट में एक छोटी सी बात कह कर मैं बैठ जाऊगा। वस्ट्रन जमुना कनोल मेरे हल्के से होकर जाती है लेकिन इसमें पोल्यु ान आफ वाअर हो गया है। जमुनानगर और

जगाधरी की इंडस्ट्रीज की गंदगी इसमें भाामिल होती है और कैनाल का पानी खराब होने के कारण कई प्रकार की बीमारियां फैलने का अन्दे ाा है। इसी तरह बहादुरगढ़ और सोनीपत में जो इंडस्ट्रीज हैं इनका गंदा पानी ड्रेन नं. 8 में डलता है जिससे ड्रेन नं. 8 में भी पोल्यु ान आफ वाटर हो गया है और बीमारियां फैलने का डर है। इसलिए मेरी सरकार से प्रार्थना है कि जहरीले पानी को कैनाल में और ड्रेन नं. 8 में डलने से बन्द करें ताकि दूशित वातावरण जो आजकल बड़ी तेजी से फैल रहा है, दूर हो सके। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवादा करता हूं।

राज्यपाल का संदे ा

श्री अध्यक्षः आनरेबल मैम्बर्ज, मुझे हरियाणा राज्यपाल महोदय की तरफ से एक पत्र आया है। मैं हाउस की जानकारी के लिए इसको पढ़ कर सुनाता हूं:–

'मैं आपके अर्ध सरकारी पंत्र संख्या एच.बी.एस.एल.ए./2/81/7718, दिनांक 13 मार्च, 1981 के लिए, जिसके द्वारा आपने मुझे हरियाणा विधान सभा द्वारा पारित धन्यवाद प्रस्ताव की प्रति प्रेशित की है, आभार प्रकट करता हूं। कृपया मेरी ओर से उनके प्रति प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए कृतज्ञता एवं सराहना व्यक्त कर दें।

वर्श 1981–82 के बजट की डिमान्ड्ज फार ग्रांट्स पर चर्चा तथा मतदान (पुनराराम्भ)

लोक निर्माण मंत्री (कंवर रामपाल सिंह): स्पीकर साहब, डिमांड नं. 8 के बारे में बहुत से सदस्यों ने सदन में आपतियां उठाई और अपने अपने एरिये की समस्यायें सदन में रखी। मैं माननीय सदस्यों को बताना चाहता हूं कि पिछले साल बजट में केवल साढ़े 15 करोड़ रूपये का प्रोवीजन था जिससे 850 किलोमीटर सड़कें इस साल के अन्दर अन्दर कम्पलीट करके दे देंगे। स्पीकर साहब, सड़कों की डिमांड हर तरफ से बढ़ती जा रही है और डिमांड को देखते हुए सरकार का यह फैसला है कि 31 मार्च तक, डायरैक्टरी में जितने गांव हैं, उनको सड़कों से जोड़ना है। इसके साथ ही साथ सरकार ने यह भी फैसला लिया था कि जमुना नदी की बैल्ट और साहिबी नदी के आसपास के कुछ गांव हैं जिनको सड़कों के साथ कुनैक्ट किया जाए, लेकिन इन पर खर्चा ज्यादा होने की वजह से टेक अप नहीं किया जा सका, केवल 170 गांवों को चूना गया और यह फैसला ले लिया गया कि इन 170 गांवों को 1980–81 के दौरान टेक आप किया जाएगा। लेकिन स्पीकर साहब, इन गांवों में कुछ सड़कें ऐसी है जिनको हम जरूर बनाना चाहते थे लेकिन अलाइमैंट के झगड़ों की वजह से बहुत सारे केसिज हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चले गये हैं और कोर्ट से स्टेट ले लिया है, जिसकी वजह से काम चालू नहीं हो सकता। मैं हाउस को वि वास दिलाना चाहता हूं

कि जिन सड़कों पर हाई कोर्ट ने स्टे दे दिया है, इनको छोड कर 170 गांवों में से स्टे आर्डर वाले गांवों को निकाल कर, जो बाकी बचते हैं, जो हिली एरियाज में पड़ते हैं, इनको और डायरैक्टरी में जो गांव हैं, इनको 31 मार्च तक सड़कों से जोड़ देंगे।

अध्यक्ष महोदय, मेरे कुछ साथियों ने अपने अपने हल्के सक संबंधित प्वायंट्स उठाये हैं। हांसी स्कूल की रिपेयर करवाने का जिकर यिका गया। माननीय सदस्य जानना चाहते हैं कि उस स्कूल की अब तक रिपेयर क्यों नहीं हुई ? मैं अपने साथियों को बताना चाहता हूं कि इसकी रिपेयर के लिए बजट में रूपया सैंक ान हुआ था लेकिनइस बिल्डिंग की इतनी खस्ता हालत है कि अगर रिपेयर पर खर्चा कर दिया जाए तो भी वह बिल्डिंग बच्चों के बैठने के काबिल नहीं बन सकती। एजुके ान डिपार्टमैंट का लिख कर भेज दिया है कि इस बिल्डिंग की रिपेयर नहीं हो सकती, सारी की सारी बिल्डिंग दोबारा बनाई जाएगी, लेकिन यह फण्ड्ज की अवेलेबिलिटी पर डिपैंड करता है। अगर फण्ड्ज होंगे तो दोबारा बना देंगे। स्पीकर साहब, इसके इलावा हांसी हौस्पिटल का भी जिकर आया कि इसमे ंबड़ी स्ला प्रोग्रैस है। मैं माननीय सदस्यों को बताना चाहता हूं कि यह हौस्पिटल कम्पली ान के नजदीक है। जितना पैसा हमने इसमें रखा था, यानी हैल्थ डिपार्टमैंट ने जितना रूपया खर्च करने के लिए दिया था, वह 31 माच्र तक पूरे का पूरा खर्च कर देंगे और एक पैसा भी लैप्स नहीं होने देंगे। जहां तक अगले साल का सवाल है, जितना पैसा अगले

साल के बजट में से मिलेगा, उसको खर्च करके कम्पलीट करने की कोि ा ा करेंगे।

स्पीकर साहब, चौधरी लहरी सिंह जी ने भगना नदी पर कालपीजोली के स्थान पर ब्रिज बनाने का जिकर किया है। मैं मानता हूं कि यह ब्रिज जरूरी है क्यों कि मैंने मौका देख है। इस ब्रिज का डिजाईन तैयार करने के लिए केस इरीगे ान डिपार्टमैंअ को भेजा था, अभी अभी क्लीयर होकर आया है, इसके एस्टीमेट्स बनकर आये हैं लेकिन अधिकारियों की तरफ से कुछ औब्जर्वे ान्ज हैं इसलिए बैंक रैफरैंस किया गया है। हम जल्दी ही एडमिनिस्ट्रेटिव एप्रूवल लेकर इस पर काम चालू करेंगे। स्पीकर साहब, गांव खड़कला के बारे में माननीय सदस्य ने जिकर किया कि एप्रेच रोड बनाई जाए। यह गांव तो एप्रोच रोड से आलरेडी कुनैक्टिड है। माननीय सदस्य दूसरी तरफ से यानी डुपलीकेट सड़क की मांग कर रहे ंहै। मैं सदन को बताना चाहता हूमं कि सरसा से खड़कला तक की सड़क को सैंक ान कर दिया है लेकिन फण्ड्ज न होने की वजह से इस सड़क को टेक अप नहीं किया गया, उम्मीद है अगल साल इसको टेक अप कर लिया जाएगा।

श्री रघुनाथ गोयल भाायद गोंग या गोंध जेसे गांवो का जिकर कर रहे थे। जहां तक गोंग या गोंध गांवों का ताल्लुक है, ये दोनो गांव आलरेडी सड़क से कुनैक्टिड हैं। इन्होंने रेलवे स्टे ान वाली सड़क का जिकर किया। यह सड़क जरूरी है और

इसको हमने टेक अप किया है वर्क इन प्रोग्रैस है काम हो रहा है और उम्मीद है यह काम जल्दी ही पूरा हो जाएगा।

स्पीकर साहब कामरेड भांकरलाल ने रसूलपुर का जिकर किया। इस गांव के लिए सड़के की सैक ान आ चुकी है इसके लिए अगले साल बजट में पैसा मिल जाएगा। ज्यों ही पैसा मिलेगा, इसको टेक अप किया जाएगा। स्पीकर साहब, इसी तहर बसौदी गांव की सड़क का जिकर यिका गया। मैं आनरेबल सदस्यों को बताना चाहता हूं कि यहां पर अलाइनमैंट का झगड़ा हैं, केस हाई कोर्ट में पैंडिंग है। जब तक यह डिसप्यूट खत्म नहीं हो जाता, तब तक इस रोड को टेक अप नही किया जा सकता। जब यह झगड़ा खत्म हो जाएगा, तब टेक अप कर लेंगे। स्पीकर साहब, सहोली गांव के लिए डबल लिंक का जिकर किया गया। हमारे पास फण्ड्ज नहीं है, इस साल के प्रोग्राम में भाामिल नहीं किया गया, अगर फण्ड्ज अवेलेबल हुए तो अगले साल देख लिया जाएगा। स्पीकर साह,ब इसी तरह जिन जगहो ंके लिए सडक की सैक ान आ गई है, उनको कम्पलीट किया जाएगा। श्री फतेह चन्द विज ने जमुना नदी के नजदीक रानामाजरा, मपादा, पत्थरगढ़, गुलालपुर, कि ाोपुर वगैरा कई गांवों का जिकर किया। इन गांवों को ब्रिज न होने की वजह से आने जाने में बड़ी दिक्कत है। मैं विज साहब को बताना चाहता हूं कि हम इस मामले को यू.पी. गवर्नमैंट के साथ टेक अप कर रहे है। पहले भी यह मामला टेक अप किया था, उन्होंने डिजाईन मांगा था, वह हमने भेज दिया

था। अब सै ान उठने के बाद जल्दी ही यू.पी. गवर्नमैंट के साथ मीटिंग फिक्स करके बातचीत करेंगे और हम पूरी कोि ा ा कर रहे हैं कि यह पुल जल्दी से जल्दी बनाया जाए ताकि जमुना के आसपाल के गांवों को दिक्कत का सामना न करना पड़े। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं और हाउस से प्रार्थना करता हूं कि यह डिमांड पास की जाए।

कराधान तथा आबकारी मंत्री (चौधरी मेहर सिंह राठी): स्पीकर साहब, सुबह से कई माननीय सदस्य कह रहे हैं कि फैक्ट्रियों में हड़ताल हो रही है, यह हो रहा है, वह हो रहा है। मैं माननीय सदस्यों को दो साल की फिग्गर्ज बताना चाहताह हूं। 1978 में 126 फैक्ट्रियों में स्ट्राईक हुई या लौक आउट हुए और 1980 में केवल 75 थे। इनमें जो मेंन डेज लौंस हआ हव सन् 78 में 725684 दिन, 79 में 569743 दिन और सन् 80 में 379082 दिन। स्पीकर साहब आप देखें सन् 78–79 के मुकाबले में इस समय आधा फर्क है। यही बात हड़तालों की है। (विघ्न) बहादुरगढ़ का ये जिकर कर रहे हैं। ठीक है, एक फैक्टरी में दो तीन भाई भूख हड़ताल पर बैठे है लेकिन फैक्टरियों में कोई हड़ताल नहीं है।

डा. मंगल सैनः भूख हड़ताल पर कहां बैठे हैं ?

चौधरी मेहर सिंह राठीः बहादुरगढ़ मैं बैठे हैं, इसमें क्या बात है ?

डा. मंगल सैनः आपके हल्कै में बैठे हैं।

चौधरी मेहर सिंह राठीः जी हो, मेरे हल्के में बैठे है। उनको राईट है। हम नादर ााह तो है नहीं। हम तो लेबर को पूरा हक देते हैं।

चौधरी संत कंवरः स्पीकर साहब मेरा एक प्वायंट आफ आर्डर है।

Mr. Speaker: Under what Rule?

चौधरी संत कंवरः रूल 112 के तहत। स्पीकर साहब, अभी मंत्री महोदय ने कहा कि हम नादर ााह तो है नहीं।

श्री अध्यक्षः यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं है।

चौधरी संत कंवरः स्पीकर साहब, प्लीज मेरी बात सुन लीजिए। आज इस सरकार ने आपके बड़े अच्छे रवैये के बावजूद नादर ााह की तरह ताना ााहीपूर्ण रवैया दिखाकर हमारे एक मैम्बर को सस्पैंड किया है। (ाोर)

Mr. Speaker: This is no point of order please.

चौधरी संत कंवरः स्पीकर साहब, बड़ा अत्याचार हो रहा है। हमारी बात सुनने के लिए भी तैयार नहीं। (ाोर)

Mr. Speaker: Everybody has been given full opportunity to express himself. This is no point of order. Please take your seat.

चौधरी मेहर सिंह राठीः स्पीकर साहब, जहां तक वेजिज का ताल्लुक है, हमने जनवरी, 80 में वेजिज मुकर्रर की थी। हमने वेजिज के साथ मंहगाई को लिंक कर दिया था ताकि ज्यों ज्योकं मंहगाई बड़े, खुद–ब–खुद उनकी वेजिज भी बढ़ती जाएं। आज एक मजदूर को 271 रूपये से 290 रूपये तक मंथली वेजिज मिलती है। हम इन वेजिज को समयानुसार बढ़ाते जाते है।। वैसे तो आमतौर पर पांच साल के बाद वेजिज रिवाईज होती हैं लेकिन हमने दो साल के बाद वेजिज को रिवाईज करने का फैसला किया है। स्पीकर साहब, ऐग्रीकल्चरल लेबर को हम 10 रूपया रोज देते हैं जो कि हिन्दुस्तान में सबसे ज्यादा है और इस तरह हमारी ऐग्रीकल्चरल लेबर को कोई ज्यादा तकलीफ नहीं है। आप भी जमींदार हैं और हम भी जमींदार हैं। हमारे यहां लेबर बाहर से आती है जिसे यू.पी., राजस्थान और दूसरी जगहों से। (विघ्न) स्पीकर साहब, हमारे यहां बांउडिउ लेबर बिल्कुल नहीं है। (विघ्न) भट्ठों के बारे में स्पीकर साहब, हीरानन्द आर्य, स्वामी अग्निवे ा और गया लाल जी ने कहा कि वहां मजदूरों को बन्धुआ बना कर रखा जाता है। स्पीकर साहब, भट्ठों का सिस्टम ऐसा है कि तकरीबन 8 महीने भट्ठे चलते है। भट्ठे वाले यू.पी., मध्य प्रदे ा और राजस्थान में जाकर लेबर लाते हैं। मतलब यह कि 80–85 परसैंट लेबर बाहर से आती है। हमारे यहां तो लेबर की बड़ी प्रौब्लम है, मिलती ही नहीं। ठेकेदार वहां से ऐडवासं पेमैंट करके लेबर लाते है। (विघ्न) ठेकेदार उनसे तय कर लेते हैं और उन्हें पैसा ऐडवासं दे देते हैं, बाकी पेमैंट काम के मुताबिक दे देते है।

उन्होंने पर थाऊजैंड ईंट का रेट मुकर्रर कर रखा है। (विघ्न) जब लेबर काम करना भाुरू करती है तो भट्ठे वाले 15 दिन में पेमैंट करते है। जो पैसा उन्होंने ऐडवांस कर रखा होता है उसे वे ऐडजस्ट करते जाते हैं और कुछ पैसा उनके खर्चे के लिए दे देते हैं। 8 महीने तक यह हिसाब किताब चलता रहता है। जब भट्ठे बंद होते हैं तो लेबर हिसाब किताब करके चली जाती है लेकिन ये कहते हैं कि रोक लेते हैं। यह बात ठीक नहीं है। हो सकता है किसी भट्ठे पर ऐसा हो गया हो लेकिन आगे के लिए मैंने यह फैसला किया है कि हम अपना इंस्पैक्टर भट्ठो की इंस्पैक ान के लिए भेजा करेंगे जो यह तसल्ली किया करेंगा कि किसी मजदूर को भट्ठे पर रोक तो नहीं रखा है। अगर कोई रोकेगा तो उसके खिलाफ मैं सख्त एक ान लूंगा। हम लेबर से इन्साफ करना चाहते है। (विघ्न) स्पीकर साहब, पैसे के बारे में बात यह है कि कई जमींदार होते हैं। वे कुछ पैसा ले लेते है। इनके पास कुछ पोलिटिकल भाई भी पहुंचते है कि हमें भी हिस्सा दे दो। मान लो उसने चार हजार रूपया लिया है तो वे दो दो हजार बांट लेंगे। इसमें पोलिटिकल आदमी भी हिस्सा लेते हैं वरना लेबर कभी नहीं लड़ती, वे तो अपना ठीक हिसाब लेकर चले जाते हैं।

एक सदस्यः स्पीकर साहब, इनको बड़ा तजुरूबा है। बड़ी साफ बात बता दी।

चौधरी मेहर सिंह राठीः बिल्कुल तजुरूबा है। इसमें कोई भाक नहींख्, हम आल राउन्डर हैं। (विघ्न)

स्पीकर साहब, पक्की तारीख तो मुझे याद नहीं परन्तु भाायद 2 या 3 तारीख को मैंने रोहतक में भट्ठों के मालिकों की एक मीटिंग बुलाई है। मजदूरों के नेता भी उसमें बुलाए हैं ताकि इस बारे में हम उनको चेतावनी दे दें कि हम क्या करने जा रहे हैं। हर भट्ठे वाला और मजदूर इस बात को समझ ले क्योंकि बाद में किसी से नर्मी का बर्ताव नहीं करेंगे। इन भाब्दों के साथ स्पीकर साहब मैं प्रार्थना करता हूं कि इस डिमांड को पास कर दिया जाए।

परिवहन मंत्री (श्री जगन नाथा): अध्यक्ष महोदय, डिमांड नं. 23 पर, जोकि ट्रांसपोर्ट डिपार्टमैंट की हे, सबसे पहले श्री हीरा नन्द आर्य जी बोले हैं। ये कहते हैं कि हरियाणा की बसों की बड़ी बुरी हालत है जबकि पंजाब की बसें ठीक हैं और दूसरे सूबों की बसें भी ठीक है। स्पीकर साहब, हिन्दुस्तान के तीन प्रान्तों में – महाराश्ट्र, गुजरात और हरियाणा में, बसिज का सौ फीसदी राश्ट्रीयकरण है। इन तीनों प्रान्तों में हरियाण पहले नम्बर पर है। (सताधारी पक्ष से प्र ांसा) इन महा ाय जी को मैं एक बात बताना चाहता हूं। चंडीगढ़ से दिल्ली के लिए पंजाब, हिमाचल और हरियाणा की बसें जाती है लेकिन ज्यादातर पसैन्जर्ज हरियाणा की बसों को पसन्द करते हैं। इसी तरह से दिल्ली, राजस्थान और यू. पी. वगैरा कई जगहों के लिए बसें जाती है लेकिन वहां से भी लोग हरियाण की बसों मे ंजाना पसन्द करते है। इस वास्तें मैं

कहूंगा कि हमारी स्टेट ने इस सम्बन्ध में सबसे ऐफि ाएन्ट काम किया है।

अध्यक्ष महोदय, बलदेव तायल जी भी कह रहे थे कि बसों के बहुत ज्यादा ब्रेक–डाउन होते है। इस पर मै। आपको बताना चाहता हूं कि कई आदमियो का चलते चलते रास्ते में ही ब्रेक डाउन यानी हार्ट अटैक हो जाते हैं इसी प्रकार से गाड़ियां का ब्रेक डाउन भी कभी कभी हो जाता है। (हंसी) एक बार मैं और बलदेव तायल जी आ रहे थे। इनके पास बिल्कुल नई कार थी लेकिन वह नई कार होते हुए भी सिर्फ दो तीन किलोमीटर चलने के बाद रास्ते में ब्रेक डाउन हो गया और फिर हमने उसको धक्के मार कर काफी दूर तक चलाया। (हंसी) (ाोर)

जहां तक बसों के एक्सीडेंट का सवाल है मैं आपको बताना चाहता हूं कि इसका मेन कारण यही है कि जी.टी. रोड पर दिल्ली, कलकता, बंबई आदि कई स्थानों से ट्रक आते है। वे लम्बे सफर पर होते हैं इसलिए उनकी लापरवाही के कारण भी हमारी बसों के साथ टक्कर होने से एक्सीडैंट हो जाते हैं। दूसरा कारण यह है कि हमारे यहां सड़कें भी काफी नहीं है। इसलिए भी कभी कभी दुर्घटनाएं हो जाती है।

श्री फतेह चन्द विजः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। स्पीकर साहब, मिनिस्टर साहब कह रहे हैं कि आपस में दूसरी गाड़ियों के अक्रा जाने से दुर्घटनाएं हो जाती है। मंत्री महोदय

सिर्फ इतना ही बता दें कि जब से ये स्वयं मिनिस्टर बने हैं, तब से हरियाणा रोडवेज की बसों की आपस में टक्कर हो जाने से कितनी दुर्घटनाएं हुई है ? (ाोर)

Mr. Speaker: This is no point of order. This is not a question hour. (Interruptions)

श्री जगन नाथः अध्यक्ष महोदय .....

Dr. Mangal Sein: Does it behove the Hon. Minister to say such words?

Mr. Speaker: Any personal remarks which have been said against any hon. Member, will not be recorded.

श्री जगन नाथः अध्यक्ष महोदय, श्री मूल चन्द मंगला जी कह रहे थे कि गुड़गांवा के अन्दर एक वर्क ााप है लेकिन वहां पर बसों की बाडीज ठीक प्रकार से नहीं बनती। मैं अपने माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि जब मैं चौधरी देवी लाल जी के मंत्रीमण्डल में चीफ पार्लियामेन्ट्री सैक्रेट्री था तो मैंने कहा था कि हरियाणा रोडवेज की बसों की बाडी अपने हरियाणा में ही बननी चाहिए। अध्यक्ष महोदय, अब वहां से 25–30 बसों की बाडीज हर महीने निकलती हैं जिसके कारण रोडवेज को और स्टेट की एक बस की बाडी बनाये जाने पर 10–12 हजार रूपये की बचत होती है। बलदेव तायल, सुशमा स्वराज और हीरा नन्द आर्य – इनका कहीं पर भोयर था, ये अच्छी तरह से जानती है। (ाोर एवं विघ्न)

अध्यक्ष महोदय, श्री फतेहचन्द विज कह रहे थे कि बसों के अन्दर बच्चों को बड़ी दिक्कत होती है। मैं अपने माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि इस समय हमारे पास 2410 बसें है। यह मैं भी मानता हूं कि हमारे पास कम बसें हैं। वैसे हमारी जरूरत के मुताबिक कम से कम अपनी स्टेट के अन्दर 5 हजार बसें होनी चाहिएं। हम प्रत्येक साल कुछ बसों को रिपलेस करते हैं और कुछ गाडियां उनकी जगह नयी खरीदते है। इनकी बात ठीक है कि गांव के अन्दर जो बसें आती हैं वे जहां से चलती हैं वही से भर जाती हैं और फिर बीच वाले गांव में से जो सवरियां चढ़नी होती है उनको बैठने के लिए जगह नहीं मिलती। ऐसा कभी कभी हो जाता है लेकिन हमारी कोि ा ा है कि इस प्रकार की दिक्कत को जल्दी से जल्दी दूर किया जाये।

अध्यक्ष महोदय, श्री गया लाल जी भी कह रहे थे कि होडल के अन्दर 30–35 बसें रूकती है इसलिए वहां पर डिपू बनाया जाना चाहिए। इस संबंध में मैं अपने माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि हम इस पर पूरी सहानुभूतिपूर्वक गौर कर रहे हैं और जल्दी ही कोई फैसला ले लेंगे। (ाोर)

अध्यक्ष महोदय ऐसी कोई बात नहीं है कि हमारे पास सारी बसें ही टूटी हुई है। यह बात ठीक है कि जो बसें हमारे पास ठीक हालत में नहीं है, वे हम एप्रोच रोडज और लिंक रोडज पर चलाते हैं, लेकिन देहली, जम्मू का मीर, ग्वालियर या दूसरे

लम्बे रूटों पर जो बसें चलती हैं वे हमारी बहुत ही अच्छी बसें होती हैं इसलिए भी लोग हमारी बसों को ज्यादा पंसद करते है।

अध्यक्ष महोदय, विद्यार्थियों को जो हम कन्सै ान देते हैं उससे एक साल में करीब 50 हजार रूपये का नुक्सान होता है। इसी प्रकार सरकारी कर्मचारियों को जो सुविधा दे रहे हैं उससे 3 करोड़ रूपये, सैनिकों के बच्चों को जो सुविधा देते हैं उससे 50 हजार रूपये, अपने हरियाणा के एम.एल.एज. और उसके साथ एक दूसरे और आदमी को जो सुविधा देते हैं उससे 95 हजार रूपये और पंजाब के एम.एल.एज. को भी जो सुविधा देते हैं उससे भी एक साल में करीब 15 हजार रूपये का नुक्सान प्रति वर्श हरियाणा रोडवेज को होता है।

चौधरी राम लाल वधवाः आप नुक्सान तो बता रहे हैं साथ में यह भी बता दे बसों में ओवर लोडिंग कितनी होती है ? (ाोर)

श्री जगन नाथः अध्यक्ष महोदय, बलदेव तायल जी, सुशमा जी और हीरा नन्द आर्य जी ने हिसार में जा कर वहां पर यूनिवर्सिटी के लड़कों को बहकाया। इनके बहकावे में कुछ विद्यार्थी आ गए और उन्होंने हड़ताल कर दी (ाोर) बसों को नुकसान पहुंचाया और एक बस को आग भी लगा दी। वहां के डिपु को भी जलाने की कोि ा ा की गई। (ाोर)

श्री बलदेव तायलः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। अध्यक्ष महोदय, अभी ये कुछ देर पहले कह रहे थे कि मेरा, हीरा नन्द आर्य और सुशमा जी का भोयर है और अब यह कह रहे है कि हमने हिसार यूनिवर्सिटी के छात्रों को भड़काया, यह बिल्कुल गलत बात है। हमने या हमारी पार्टी के किसी मैम्बर ने किसी विद्यार्थी को नहीं बहकाया। (ाोर)

चौधरी रिजक रामः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। अध्यक्ष महोदय, चौधरी जगन नाथ जी ने अपने महकमे के बारे में बड़े अच्छे तर्क दिए है। अध्यक्ष महोदय, इसी से संबधित मुझे एक किस्सा याद आ गया वह मैं आपको सुनाना चाहता हूं। चोरी के एक केस में एक वकील ने अपने कलाइंट के हक में बहत की और जब बहस खत्म करके बाहर निकल करके आये तो उसने पूछा कि बहस कैसी रही तो उसने जवाब दिया – देखिए जी, मैंने चोरी कर रखी है और मुझे यकीन हो गया है कि जैसे मैं बे–गुनाह हूं। अध्यक्ष महोदय, हजार नुक्स होने के बाद भी चौधरी जगन नाथ जी कह रहे हैं कि उन्हें यकीन हो गया है कि इस विभाग में कोई नुक्सान ही नहीं है। (ाोर एवं हंसी)

श्री अध्यक्षः अभी दो मंत्रियों ने और बोलना है इसलिए कृपया आप जल्दी खत्म करने की कोि ा ा करें। If the House agress then I apply gullotine at 14.50 hrs instead of applying it at 14.30 hrs.

Voices: We have no objection, Sir.

श्री जगन नाथः अध्यक्ष महोदय, पीछे हरियाणा रोडवेज को 20 लाख रूपये का नुक्सान हुआ। इसके साथ साथ 8–6–80 को डीजल के भाव 63 परसैन्ट, पैट्रोल के 25 परसैनट, लूब्रीके ान के 20 परसैन्ट बढ़े है और सपेअर पार्ट्स के तो बढ़ते ही रहते है। इसी प्रकार से लेलैन्ड गाड़ियों के भाव 6–6–80 को 13 हजार और दूसरी के 9 हजार रूपये बढ़े। हमारे महकमे में कुछ कमियां हैं। हम ज्यादा से ज्यादा कोि ा ा करेंगे कि उनको ठीक करें।

कुछ भाई कहते हैं कि पचास परसैन्ट बसें प्राइवेट होनी चाहिए। उनको पता होना चाहिए कि जब प्राइवेट बसें होती थीं तब न कोई बस स्टैन्ड होता था और न ही कोई डिपु होता था। हांसी और रिवाडी के बस स्टैन्डों पर एक एक मील तक पे ााब की बू बाती थी। अब आप देखिए, कहीं कोई गन्दगी नहीं, बस स्टेन्डों पर ज्यादा से ज्यादा सफाई रखी जा रही है। नये से नये डिपु बनाये जा रहे हैं। पिछले दिनों यमुनानगर और सोनीपत में डिपु बनाया और फरीदाबाद में बनाने जा रहे है। हांसी में मौडर्न बस स्टैन्ड बनाने जा रहे हैं। जहां तक कप्तान मांग राम जी की बात है, उसकी तरफ भी पूरा ध्यान दिया जायेगा। अन्त में सारे हाउस से प्रार्थना है कि इस डिमान्ड को सर्वसम्मति से पास किया जायें।

स्वास्थ्य तथा पर्यटन मंत्री (श्री गजराज बहादुर नागर): स्पीकर साहब, इस सदन में कुछ साथियों ने दो तीन चीजें हैल्थ

डिपार्टमैंट से सम्बन्ध रखती हुई कहीं हैं जिसके लिए मेरा स्पश्टीकरण देना जरूरी है। तायल साहब ने फरमाया कि हांसी के हस्पताल की बिल्डिंग टूटी हुई है। इसके बारे कंवर राम पाल जी ने बता दिया, मैं उसको रिपीट नहीं करना चाहता। बिल्डिंग बन रही है, काम चालू है और सन् 1981–82 के अन्दर बनकर कम्पलीट हो जायेगी। श्री मूल चन्द मंगला ने अलावलपुर गांव क हस्पताल के लिए स्टाफ की अप्वायंटमैंट की बात कही। स्टाफ की पहले ही अप्वायंटमैंट हो चुकी है और सामान भी भेज दिया है। सी.एम. साहब ने जो कुमिटमैंट की है उसे पूरी करने जा रहे है। पलवल में तीस बिस्तरों की बजाए 60 बिस्तरों का हस्पताल बनाने के बारे में कहा। जब सी.एम. साहब ने उस हस्पताल का उद्घाटन किया था, उस वक्त मेरे सामने यह बात हुई थी। सी.एम. साहब ने कुमिटमैंट की हैं, हम उसको आनर करने जा रहे है। जैसे ही पैस का प्रावधान होगा, हम काम भ्रुरू कर देंगे। गया लाल जी ने होडल और बरौली के बारे में कहा। होडल में हस्पताल की स्कीम अप्रूव हो चुकी है, लैन्ड भी इक्वायर हो चुकी है और टेन्डर इन्वायट कर लिए है जल्दी ही काम भ्रुरू हो जायेगा। बरौली में सबसिडरी हैल्थ सैन्टर की स्कीम है। दूसरे वहां आर्युवैदिक डिस्पैंसरी पहले से चल रही है भाटिया साहब ने बी.के. हस्पताल फरीदाबाद के बारे में कहा कि सी.एम. साहब ने कुमिटमैंट की हैं उस हस्पताल को भी ठीक करायेंगे। उसके बारे में मीटिंग बुलाई है कि कौन सी तारीख से काम भ्रुरू करना है। इन भाब्दों के

साथ मैं आपसे विनती करूंगा कि इन डिमान्ड्ज को पास किया जाये।

श्रम उप–मंत्री (चौधरी लाल सिंह): स्पीकर साहब, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आने मुझे बोलने की पूरी छुट्टी दे दी। मैं अपने सभी भाईयों से दरखास्त करूंगा कि मुझे बीच में न टोकें। मुझे आप लोगों की बातों का जवाब देना है इसलिए मेरी बात को पहले सुन लें, उसके बाद कुछ कहें। स्पीकर साहब, सरकार जो काम कर रही है उसके बारे में हर आदमी को पता है। हाउस में कहा गया कि सभी गांवों को सड़कों से जोड़ दया जायेगा। जेसे पीने के पानी की दिक्कत है। जहां पर पानी नहीं पहुंच सकता था वहां पर हर गांव में पानी देने की पलिसी हैं। हमारे अफसर दिन रात लगे हुए हैं कि कहां कहां पर पानी की प्रोब्लम है। महेन्द्रगढ़, नारायणगढ़, कालका और भिवानी के एरिया में बहुत से ऐसे गांव हैं जहां पर पानी की बड़ी किल्लत है। मेवात के एरिया में भी काफी दिक्कत है लेकिन उनके लिए तो सरकार ने अलग बोर्ड ही बना दिया। उन लोगों का तो बेड़ा ही पार कर दिया।

स्पीकर साहब इसी सरकार ने हमारे हरिजन भाइयों के लिए यानी वाल्मीकियों के लिए जो स्वीपर का काम करते हैं, पचाय पचास रूपये प्रति महीना प्रति आदमी के हिसाब से बढ़ा दिये है। इन बेचारों की ओर आज तक किसी भी सरकार ने इतना ध्यान नहीं दिया था। जहां पहले मजदूर को पांच रूपये प्रतिदिन

मिलते थे अब नौ रूपये मिलते थे अब नौ रूपये मिलते है। जो औरतें लेबर का काम करती हैं जिनके छोटे छोटे बच्चे पीछे से घर रोया करते हैं, उनके लिए हमने सैन्टर कायम कर दिये। वे अपने बच्चों को उस सैंटर में छोड़ कर काम पर जा सकती है। उन को खुराक और दूसरी सहूलियतैं सब फ्री मिलती है। इन औरतों को पहले पांच रूपये मजदूरी मिलती थी अब नौ रूपये कर दी है। स्पीकर साहब, मैंने जो भी बात असैम्बली में कही वह गलत नहीं कहीं। पहले मंसूरी में मजदूरों के लिये रैस्ट हाउस होता था लेकिन अब उसको बंद करके हरिद्वार में रैस्ट हाउस खोल दिया। अब मजदूर भी अपने मां–बाप, बीवी बच्चों को वहां से ले जा सकते है। वहां पर रेडियों और सारा फर्निचर रैस्ट हाउस में सरकार की तरफ से है। इसके अलावा एक बात और मैं बता देना चाहता हूं कि हमने बहुत सी जगहों पर छोटे छोटे एम्पलायमैंट एक्सजेंच के दफ्तर खोल दिये है। (व्यवधान व भाोर)

चौधरी रिजक रामः अध्यक्ष महोदय, मेरी एक गुजारि । है कि जिस दिन चौधरी लाल सिंह का प्रोग्राम हो, उस दिन मुख्य मंत्री जी को रैस्ट करना चाहियें।

चौधरी लाल सिंहः मैं ताउड़ू में एम्पलायमैंट एक्सचेंज का दफ्तर खोल कर आया हूं। ताकि वहां के लोगों को इधर–उधर आने जाने में तकलीफ न हो। इसके बाद मैं आपकी मार्फत गन्ने के बारे में अर्ज करना चाहता हूं। आज तक किसी सरकार ने किसान को 26 रूपये क्विंटल गन्ने का भाव कभी नहीं

दिया और यह काम केवल इसी सरकार ने किया हैं (व्यवधान व भाोर)

Mr. Speaker: Please wind up.

चौधरी लाल सिंहः इस के इलावा जो सरकार पक्की खालें बना रही है, उसका खर्चा अढ़ाई किल्ले वाले किसान के लिये बिल्कुल माफ कर दिया है और उससे ज्यादा जमीन रखने वाले को सिर्फ पचास फीसदी खर्चा देना पड़ेगा। (घंटी) अच्छा जी बड़ी मेहरबानी जो आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया। उसके लिये आपका धन्यवाद करता हूं और अंत में यही कहता हूं कि इससे पहले किसी भी सरकार ने पब्लिक का इतना भला नहीं किया जितना इस सरकार ने किया है।

खाद्य एवं पूर्ति मंत्री(श्री लछमन सिंह): स्पीकर साहब, श्री हीरा नंद आर्य जी ने डिमांड नं0 दस पर बोलते हुए कहा कि भिवानी के साथ पीने का पानी देने के बारे में डिस्किमीने ान किया जा रहा है। मैं आपके जरिये हाउस को यह बताना चाहता हूं कि भिवानी के 70 प्रति ात विलेजिज में पीने की सप्लाई हो चुका हैं जब कि बाकी हरियापणा में केवल पचास प्रति ात ही दिया जा सका है। (व्यवधान व भाोर) एक बात मंगला साहब ने कही। उनका काम जल्दी ही मुकम्मल किया जा रहा है। एक बात विज साब ने पानीपत में सीवरेज के मुताल्लिक कहीं है। उस काम के लिये 36 लाख रूपये की रा ि ा हमारे पास जमा है और 11 लाख रूपया और दिया गया है। इस काम को जल्दी ही

करेंगे। एक बात जो उन्होंने डिवीजन बनाने के मुताबिक कही इस पर सरकार विचार करेगी। क्योंकि वहां पर काम बहुत ज्यादा है। हम यह महसूस करते है कि वहां पर डिवीजन होना चाहियें। पौल्यू ान की बात चौधरी लहरी सिंह ने कही। मैंने एक क्वै चन के जवाब में भी हाउस में बताया है कि वैस्ट्रन जमुना कैनाल में गंदा पानी बहुत ज्यादा गिर रहा है। वहां पर तीन फैक्ट्रीज प्लांट लगाने जा रही है। मैंने उस समय भी अर्ज किया था कि स्टेट लैवल पर हम एक कमेटी गठित करने जा रहे है जो इस सारे मसले पर विचार करेगी ताकि बोर्ड की, जो इस बारे में बना हुआ ंहै कुछ मदद की जा सकें। उनको एक्सपर्टाइज मुहैया करवाने के लिये हम जल्दी ही कमेटी गठित करने जा रहे है ताकि वाटर पौल्यू ान की समस्या का हल निकाला जा सकें। अब मैं रिक्वैस्ट करूंगा कि पब्लिक हैल्थ की डिमांड को पास किया जाये।

श्री अध्यक्षः अब मैं गिलोटीन एप्लाई करता हूं और मांगे वोटिंग के लिए हाउस के सामने पे ा करता हूं।

Question is:-

That a sum not exceeding Rs. 210431000 for revenue expenditure and Rs. 266224600 for capital expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand No. 8- Buildings and Roads.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Question is:-

That a sum not exceeding Rs. 441135940 for revenue expenditure to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand No. 10- Medical and Health.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Question is:-

That a sum not exceeding Rs. 125686105 for revenue expenditure to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand No. 12- Labour and Employment.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Question is:-

That a sum not exceeding Rs. 47677715 for revenue expenditure to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand No. 16- Industries.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Question is:-

That a sum not exceeding Rs. 541264795 for revenue expenditure and Rs. 103466000 for capital expenditure be granted to the Governor to defray charges that

will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand No. 23- Transport.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Question is:-

That a sum not exceeding Rs. 4941220 for revenue expenditure to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand No. 1- Vidhan Sabha.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Question is:-

That a sum not exceeding Rs. 74035625 for revenue expenditure to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand No. 6- Finance.

That a sum not exceeding Rs. 64019880 for revenue expenditure to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand No. 7- Other Administrative Services.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Question is:-

That a sum not exceeding Rs. 17422695 for revenue expenditure to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand No. 11- Urban Development.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Question is:-

That a sum not exceeding Rs. 75318770 for revenue expenditure to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand No. 13- Social Welfare & Rehabilitation.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Question is:-

That a sum not exceeding Rs. 75623000 for revenue expenditure to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand No. 18- Animal Husbandry.

That a sum not exceeding Rs. 14132420 for revenue expenditure to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand No. 19- Fisheries.

That a sum not exceeding Rs. 69528230 for revenue expenditure to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand No. 20- Forest.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Question is:-

That a sum not exceeding Rs. 5834790 for revenue expenditure to the Governor to defray charges that will come

in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand No. 24- Tourism.

That a sum not exceeding Rs. 718482400 for revenue expenditure to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year 1981-82 in respect of the charges under Demand No. 25- Loans and Advances by State Government.

The motion was carried.

श्री अध्यक्षः अब हाउस कल प्रातः 9.30 बजे तक के लिए स्थगित किया जाता है।

14.47 बजे

(तत्प चात् सदन भुक्रवार, दिनांक 27—3—1981 को प्रातः 9.30 बजे तक के लिए स्थगित हुआ।)